राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार

जयपुर, सोमवार, 31 मार्च, 2025

राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

सुविचार

जैसे सूर्योदय होते ही अंधकार दूर हो जाता है
वैसे ही मन की प्रसन्नता से
सारी बाधाएं शांत हो जाती है।

हमारा समाचार

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346
9828467603

दैनिक | वर्ष : 12 | अंक: 309 | प्रातः कालीन | मूल्य: 3.00 रुपए | पृष्ठ: 8 | hamarasamachar02@gmail.com

सरकारी जमीन कब्जाना चाहते हैं 'कांग्रेस विधायक'.. रोडवेज के चीफ मैनेजर से भिड़ गए; जोरदार बहस!

ट्रांसपोर्ट नगर में एक अप्रेल से शुरू होने जा रहे ऑपरेशन की तैयारियों के बीच तीखी नोंक-झोंक

हमारा समाचार

जयपुर। ट्रांसपोर्ट नगर में रोडवेज बस स्टैंड शिफ्टिंग की जा रही है और एक अप्रैल से यहीं से बसों का संचालन शुरू होना है। लेकिन, रविवार को इस मामले को लेकर रोडवेज अफसरों और स्थानीय कांग्रेस विधायक रफीक खान के बीच जोरदार बहस हो गई। रोडवेज के अफसर यहां एक अप्रेल से शुरू होने जा रहे ऑपरेशन की तैयारियों में जुटे थे। वहीं, रफीक खान ने उन्हें बिना सूचना दिए रास्ता बंद करने का उलाहना दिया। इस पर रोडवेज के चीफ मैनेजर राकेश राय ने रफीक खान से कहा कि मुझे आपको बताने की क्या जरूरत है यह जमीन रोडवेज की है। आप इसे कब्जे से खाली करवाइए। इस पर रफीक खान भडक गए और कहा कि आपको बात करने की तमीज नहीं है। यह जमीन सरकार की है किसी के बाप की नहीं है। जवाब में राय बोले यह जमीन रोडवेज की है और इस पर काम चलाने के लिए हमें आपसे पूछने की जरूरत नहीं है। दोनों के बीच बहस का वीडियो वायरल हुआ तो राजस्थान परिवहन निगम के कर्मचारी संगठन ने रफीक पर रोडवेज कर्मियों को धमकाने का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की। राजस्थान परिवहन निगम संयुक्त कर्मचारी फैडरेशन का कहना है कि अधिकारियों-कर्मचारियों को धमकाना रोडवेजकर्मी कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

कांग्रेस विधायक रफीक खान ने मुख्य प्रबंधक से कहा- तमीज से बात करो.. आवाज नीचे रखों, वीडियो वायरल

दरअसल, ट्रांसपोर्ट नगर में रोडवेज बस स्टैंड की हो रही शिफ्टिंग

राजस्थान परिवहन निगम संयुक्त कर्मचारी फैडरेशन ने की कार्रवाई की मांग

रास्ते से कब्जे हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद

रोडवेज की जमीन पर निकाले गए रास्ते को लेकर है विवाद

दरअसल, नारायण सिंह सर्किल स्थित बस स्टैंड को ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट किया जा रहा है। 1 अप्रैल से दिल्ली की ओर जाने वाली बसें ट्रांसपोर्ट नगर से ही चलेंगी। रोडवेज मुख्यालय के निर्देश पर मुख्य प्रबंधक सीबीएस द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रोडवेज के पुराने बस स्टैंड की जमीन की सुरक्षा के लिए चारदीवारी निर्माण का काम शुरू किया गया था। रोडवेज की इस जमीन से आसपास की कॉलोनी वालों ने रास्ता निकाल रखा था। शनिवार को इसे निगम की ओर से बंद करवाया जा रहा था। इसे लेकर कॉलोनी वालों ने विधायक रफीक खान से शिकायत की थी। इस पर विधायक रविवार को मौके पर पहुंचे तो उनकी रोडवेज के चीफ मैनेजर से बहस हो गई।

रोडवेज चीफ मैनेजर बोले- विधायक से नहीं की कोई अभद्रता

रोडवेज के मुख्य प्रबंधक राकेश राय ने बताया कि रोडवेज की जमीन से सटी शांति कॉलोनी के सरकारी रास्ते पर किसी व्यक्ति ने कब्जा कर रखा है। लोगों ने बस स्टैंड के बीच से रास्ता बना रखा था। अब वहां से बसें चलेंगी, ऐसे में कॉलोनी से कोई निकलकर आता है तो एक्सीडेंट की संभावना थी। इसे देखते हुए उस रास्ते को बंद कर दिया गया। विधायक वहां पहुंचे और मेरे से पूछना शुरू किया।

रोडवेज की जमीन को दबंगई से हड़पने का प्रयास

राजस्थान परिवहन निगम संयुक्त कर्मचारी फैडरेशन का कहना है कि रोडवेज की जमीन को ऐसे दबंगई से हड़पने का प्रयास किया गया तो रोडवेजकर्मी आंदोलन का रुख करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। विधायक को अधिकारियों से माफी मांगनी चाहिए, यदि कोई समस्या है तो सरकार के साथ वार्ता कर समाधान निकालना चाहिए। इधर, बीजेपी से जुड़े कई पदाधिकारी भी सोशल मीडिया पर वीडियो को वायरल कर रहे हैं। बीजेपी प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज अपने एक्स अकाउंट पर इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा- कांग्रेस की सरकार में विधायक रहते आपने खूब अतिक्रमण करवाए भाईजानों के, विधायक आप अभी भी हैं, लेकिन सरकार भाजपा की है। अधिकारी आपकी इस धौंस को नहीं झेलेंगे।

जयपुर से चेन्नई जा रही फ्लाइट का टायर फटा, यात्रियों में मचा हड़कंप

हमारा समाचार

जयपुर। जयपुर से चेन्नई जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट का टायर फट गया. विमान जयपुर से देर रात 1 बजकर 55 मिनट पर चेन्नई के लिए उड़ान भरा था. जैसे ही इसकी जानकारी यात्रियों समेत क्रू मेंबर को मिली तो तुरंत ही हड़कंप मच गया. जानकारी के मुताबिक, टायर फटने की जानकारी एयर ट्रैफिक कंट्रोल के जरिए विमान के चालक दल को मिली, जिसके बाद फ्लाइट की चेन्नई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

विमान में सवार थे करीब 200 पैसेंजर

रनवे पर मिला टायर का टुकड़ा

न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, स्पाइसजेट का फ्लाइट एसजी-9046 के जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद दूसरे मेन टायर में समस्या आ गई। जयपुर में एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान चालक दल को सूचित किया कि रनवे पर टायर का एक टुकड़ा मिला है।

चेन्नई में विमान की सुरक्षित लैंडिंग

टायर में खराबी होने के बावजूद जब विमान के अन्य सभी ऑपरेशन और पैरामीटर सामान्य मिले तो फ्लाइट क्रू मेंबर गंतव्य की ओर जारी रखा और चेन्नई पहुंचने पर एयरपोर्ट पर विमान को एहतियातन उतारा गया. चेन्नई एयरपोर्ट पर फ्लाइट को सामान्य ब्रेकिंग का उपयोग करके सुरक्षित उतरा गया। पार्किंग के बाद विमान की जांच में पता चला कि दूसरे मेन पहिये के टायर से एक परत गायब मिली। पायलट की सतर्कता और एयरपोर्ट पर अधिकारियों की तत्परता के कारण विमान को एयरपोर्ट पर सुबह 4 बजकर 55 मिनट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। घटना को लेकर विमानन अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं. स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने घटना की पुष्टि की और आश्वस्त किया कि उड़ान में आगे कोई समस्या नहीं है।

मणिकर्ण में बड़ा हादसा, गाड़ियों पर गिरा पेड़, छह लोगों की मौत

हमारा समाचार

हिमाचल। हिमाचल प्रदेश की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में नव संवत के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। कायल का एक पेड़ तेज हवा के चलते नीचे खड़ी गाड़ियों पर गिर गया। पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल हैं। घायलों को कुल्लू अस्पताल लाया जा रहा है। फिलहाल, मरने वालों की पहचान की जा रही रही है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू के मणिकर्ण में हुए हादसे पर गहरा शोक प्रकट कर पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

जेलेंस्की ने कहा था 'पुतिन मरेंगे', फिर रूसी राष्ट्रपति के काफिले में हो गया धमाका

हमारा समाचार

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आधिकारिक कार बेड़े में से एक महंगी लिमोजीन गाड़ी मास्को के एफएसबी गुप्त सेवा मुख्यालय के पास धमके के बाद आग की लपटों में घिर गई. इस घटना की फुटेज में $3,55,796 डॉलर (करीब 3 करोड़ रुपये से ज्यादा) की ऑरुस सेनाट कार को आग की लपटों में घिरा हुआ दिखाया गया है, जिसमें आग इंजन से इंटीरियर तक फैलती हुई दिखाई दे रही है।

कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे ओडिशा में बेपटरी; हादसे में एक की मौत, आठ घायल

हमारा समाचार

ओडिशा। नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने की खबर है। हादसे में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि आठ यात्री घायल हुए हैं। ट्रेन के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। स्थानीय अधिकारी मौके पर मुस्तैद हैं। रेल मंत्रालय ने भी मामले पर नजर बना रखी है। यात्रियों के लिए वैकल्पिक ट्रेन का इंतजाम किया गया है। ओडिशा से रेल हादसे की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि यहां कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ है। दुर्घटना में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि सात यात्री घायल भी हुए हैं।

रेल हादसे पर जिलाधिकारी का बयान

कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने के मामले में जिलाधिकारी (डीएम) दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा, 'घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। 8 लोग घायल हैं। जिन घायलों को रेफर करने की जरूरत थी और उन्हें बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित किया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रेन संख्या 12251 बंगलूरू से असम के गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन जा रही थी। दुर्घटना के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए नई ट्रेन का बंदोबस्त किया गया है।

घायल लोगों की अधिकतम संख्या 10 से अधिक नहीं होनी चाहिए

हादसे में अब तक सात लोग घायल हुए हैं। ओडिशा अग्निशमन सेवा के महानिदेशक सुधांशु सारंगी ने बताया कि सात घायल लोगों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। घायल लोगों की अधिकतम संख्या 10 से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ और ओडिशा अग्निशमन सेवा के कर्मचारी बचाव अभियान में रेलवे की मदद कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, हेल्पलाइन 8455885999 और 8991124238 शुरू कर दी गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन 8 और 9 को अहमदाबाद में

राजस्थान से 72 AICC सदस्य होंगे शामिल

हमारा समाचार

जयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का राष्ट्रीय अधिवेशन इस बार 8 और 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने जा रहा है। अहमदाबाद के नर्मदा रिवर फ्रंट पर होने वाले इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी की दिशा तय होगी. हालांकि, गुजरात में अधिवेशन किए जाने की पीछे एक वजह यह बताई जा रही है कि अगले साल गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में अधिवेशन के जरिए पार्टी जहां पर कार्यकताओं में जान फूंकने का भी प्रयास कर रही है। 2 दिन चलने वाले इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पहले दिन 8 अप्रैल को कांग्रेस की सर्वोच्च इकाई वर्किंग कमेटी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे की अध्यक्षता में होगी, जिसमें संगठनात्मक और देश के वर्तमान हालात को लेकर चर्चा होगी और पार्टी की आगामी रणनीति तय होगी. इसके बाद 9 अप्रैल को देश भर के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य शामिल होंगे।

राजस्थान से 72 सदस्य लेंगे भाग

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में दूसरे दिन 9 अप्रैल को राजस्थान से 72 एआईसीसी सदस्य शामिल होंगे. इनमें 52 निर्वाचित और 20 मनोनीत सदस्य हैं. निर्वाचित सदस्यों में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी जैसे नेता भी एआईसीसी अधिवेशन में शामिल होंगे. हालांकि, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, अमीन खान, राजेंद्र यादव और सीताराम अग्रवाल जैसे नेता एआईसीसी मेंबर थे।

तीसरे दिन भी कांप रही म्यांमार की धरती, 5.1 तीव्रता का भूकंप आया

हमारा समाचार

नई दिल्ली। म्यांमार में शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद तीसरे दिन भी इमारतों के मलबे से शव निकाले जाने का दिल दहला देने वाला बचाव कार्य जारी है। यहां अब भी रुक-रुक कर भूकंप के झटके आ रहे हैं। देशभर में फोन, बिजली व इंटरनेट बंद हैं। सेना के नेतृत्व वाली सरकार ने कहा कि भूकंप में 2,376 लोग घायल हैं। म्यांमार शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगातार धरती कांप रही है। यूएसजीएस के मुताबिक, रविवार को म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर के पास 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी तीव्रता 4.6 बताई। यह शुक्रवार के विनाशकारी भूकंप के बाद आए झटकों में सबसे नया था। भूकंप के झटके महसूस होने पर मांडले की सड़कों पर लोग चीखने लगे। इससे पहले शुक्रवार को शहर के पास 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिससे कई इमारतें गिर गईं और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। अब तक 1,700 लोगों के मारे जाने और 3,400 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है। आशंका जताई जा रही है कि यह संख्या बढ़ सकती है।

म्यांमार में लगातार आ रहा भूकंप

रविवार दोपहर आए झटके से पहले 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में शनिवार शाम तक कम से कम पांच झटके महसूस किए गए थे। इसमें सबसे तेज झटका 6.4 तीव्रता का था। लगातार आ रहे झटकों से लोगों में दहशत है। म्यांमार सागाइंग फॉल्ट पर स्थित है, जो इंडिया प्लेट और सुंडा प्लेट को अलग करता है, जिस वजह से यहां भूकंप का खतरा बना रहता है।

सिंधी समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया चेटीचंड महापर्व

हमारा समाचार

जयपुर। सिंधी समाज के आराध्य वरुणावतार भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड महापर्व रविवार 30 मार्च 2025 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष दिलीप हरदासानी और महासचिव दिलीप पारवानी ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के तहत चेटीचंड सिंधी मेला समिति की ओर से शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। चौगान स्टेडियम में पूज्य सिंधी पंचायत, पुरानी बस्ती के सहयोग से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। पंचायत के संरक्षक नंदलाल लालवानी ने बताया कि श्री अमरापुर दरबार के संत मोनू राम जी और संत मंडली ने ज्योति प्रज्ज्वलित की इसके बाद यात्रा आरंभ हुई। इस अवसर पर हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, ज्ञानदेव आहूजा, मोहन लाल वाधवानी, नारायण दास नाजवानी, छबल दास नवलानी, अमर गुरबाणी, चंद्र प्रकाश खेतानी एडवोकेट, ईश्वर मोरवानी, मनोज ठाकवानी उपस्थित थे। इस अवसर पर संत मोनू राम महाराज ने कहा कि सदगुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का जीवन परिचय एवं उनकी वाणी (दोहे, पद, छंद, श्लोक माला, भजन,) हिंदी पाठ्य पुस्तकों में शामिल होनी चाहिएं ,साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर चेटीचंड का अवकाश घोषित हो।

छोटी काशी में भ्रमण पर निकले भगवान श्री झूलेलाल

तुलसी संगतानी बने सिंधी सपूत

पूज्य सिंधी पंचायत पुरानी बस्ती के अध्यक्ष हेमन दास मंगतानी और महासचिव हीरानंद मोटवानी ने बताया कि समाज और सिंधी भाषा के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले तुलसी संगतानी को सिंधी सपूत 2025 की उपाधि से सम्मानित किया गया ,सम्मान में उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया ,उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से तुलसी संगतानी निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं ।

लवाजमा

संगठन महासचिव कमल आसवानी ने बताया कि शोभायात्रा की गजराज अगुआई कर रहे थे। ऊंट ,घोड़े और बग्गी सहित सुसज्जित लवाजमा था। शहर के पांच प्रमुख बैंड जिया ,सुंदर ,अशोक ,दौलत और शंकर बैंड सिंधी संगीत की स्वर लहरियां वातावरण में बिखेरते चल रहे थे । प्रात : काल शहर के झूलेलाल मंदिरों और पंचायतों में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हुए ,उसके बाद पदाधिकारी मुख्य शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। बड़ी संख्या में समाज बंधु अपने इष्टदेव भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा देखने पहुंचें। आयो लाल झूलेलाल के उदघोष से छोटी काशी गूंज उठी।

आयो लाल झूलेलाल से गूंज उठा शहर

शोभायात्रा का मार्ग

कोषाध्यक्ष दीपक कुमार डुलानी ने बताया कि शोभायात्रा चौगान से आरंभ हो कर गणगौरी बाजार, चांदपोल बाजार, खजाने वालों का रास्ता, इंद्रा बाजार, नेहरू बाजार, बापू बाजार, जौहरी बाजार,बड़ी चौपड़, हवामहल बाजार,चांदी की टकसाल होती कंवर नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पहुंची। पूज्य सिंधी पंचायत कंवर नगर के थांवर दास रामरख्यानी, साधु राम तोतलानी, रूपचंद दौलतानी ने शोभायात्रा का स्वागत किया, फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर रात झांकी परिणामों की घोषणा हुई।

विशेष झांकियां

झांकी सचिव गुलाब कोरानी और पखवाड़ा कार्यक्रम सचिव दिलीप भूरानी ने बताया कि 45 से अधिक झांकियां शोभायात्रा में सम्मिलित हुई। सबसे पहले प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की झांकी, फिर श्री गोविंद देव जी के मंदिर से आई श्री गोविंद देव जी की झांकी, श्री राम दरबार की झांकी, श्री शिव परिवार, दुर्गा माता, कमल पुष्प पर भगवान श्री झूलेलाल, जल में नर मछली पर श्री झूलेलाल, घोड़े पर भगवान झूलेलाल, भगवान शिव और नंदी की झांकी, भगवान श्री झूलेलाल का श्वेत धवल मंदिर, सिंधु संस्कृति पर आधारित मोहन जो दड़ो, सिंध के प्रतापी राजा दाहिर सेन का महल आदि झांकियां दर्शकों को मोहित कर रही थी। सामाजिक सरोकार की झांकी बोरवेल बंद करो सुंदर संदेश दे रही थी। एक झांकी में मां बाप की सेवा असली महाकुंभ है दर्शकों के आकर्षण का केंद्र थी।

अनूठी कार रैली और ट्रैजर हंट के माध्यम से प्रदेश के सांस्कृतिक वैभव का अद्भुत प्रदर्शन

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर द ग्रैंड हेरिटेज चेज

हमारा समाचार

जयपुर। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के सहयोग से द ग्रैंड हेरिटेज चेज एक अनूठी कार रैली और ट्रैजर हंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज जयपुर में अमर जवान ज्योति से हुआ, जहां मुख्य अतिथि, पर्यटन, कला और संस्कृति सचिव तथा आयुक्त, आईएएस, रवि जैन ने हरी झंडी दिखाकर कार रैली को रवाना किया। इस दौरान आईसीसी राजस्थान की चेयरपर्सन, जयश्री पेरीवाल सहित जेके जाजू, मनुज गोयल, विज्ञान लोढ़ा, उदय परनामी; फेयरमोंट जयपुर से जुई कुलकर्णी शर्मा और रतन शर्मा और राजस्थान पर्यटन, संयुक्त निदेशक, पुनीता सिंह उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त, पर्यटन से जुड़े स्टेकहोल्डर्स और कॉर्पोरेट लीडर्स भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर आईएएस, रवि जैन ने कहा कि राजस्थान

दिवस पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया गया। यह आयोजन द ग्रैंड हेरिटेज चेज अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का एक खास मौका है। राजस्थान पर आधारित विशेष थीम कार रैली और ट्रैजर हंट जैसी अनूठी रोमांचक गतिविधियों ने लोगों को हमारे राज्य के गौरवमयी इतिहास और संस्कृति को जानने और समझने का एक अद्भुत अवसर प्रदान किया। आईसीसी राजस्थान की चेयरपर्सन, जयश्री पेरीवाल ने कहा कि राजस्थान पर्यटन के साथ इस अद्वितीय आयोजन में सहयोग करना हमारे मिशन के अनुरूप है, जो विरासत-आधारित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इस आयोजन के माध्यम से हमारा उद्देश्य राजस्थान के विरासत और पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का आभार व्यक्त किया।

समिति के बैठक का भव्य आयोजन डॉ.अम्बेडकर पार्क के विकास पर जोर

रामपुरा डाबडी। डॉ.अम्बेडकर विचार मंच समिति जयपुर के पदाधिकारियों व स्थानीय गणमान्य लोगों की मिटिंग मंच के कार्यालय में आरपीएस ओम प्रकाश कटारिया की अध्यक्षता में हुई ' मिटिंग में पार्क के विकास हेतु एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।व 14 अप्रेल के कार्यक्रम की जिम्मेदारियां दी गई।मीटिंग मे शिवपाल खारडिया,एमसी वर्मा ,डॉ. प्रमोद जाजोरिया, गिरधारी लाल उदय,महताराम काला व रामकरण नारोलिया आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर साहेब की स्मृति में हो रहे अच्छे कार्य की सराहना की ' मीटिंग में प्रधानाचार्य लल्लू राम बुनकर, मदन लाल जाजोरिया,रामचन्द्र बुनकर,रूडमल मन्डावरिया, सीताराम बुनकर,सुन्दर उदय, महावीर प्रसाद,चौथमल,सुनील पिन्गोलिया,सुनील कुमार , नारायणलाल बैनाड आदि ने अपने विचार रखे।जहां 14 अप्रेल को डॉ. अम्बेडकर विचार मंच द्वारा बाबा साहेब की जयंती समारोह में बड़ी चौपड़ जयपुर में ज्यादा से ज्यादा लोगों लाने की जिम्मेदारियां दी गई।

डिडावता सरपंच को राजस्थान श्री अवार्ड 2025 से सम्मानित किया

हमारा समाचार

रेनवाल मांजी। राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच द्वारा राजस्थान स्थापना की पूर्व संध्या पर वसुदेव कुटुंबकम्प्लोबल विलेज सत्यम, शिवम,सुंदरम,भारत नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुनः उत्थान जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.सीपी जोशी रहे।विशिष्ट अतिथि डॉ.ए.पी.सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय भारत सरकार,स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व सांसद पं.रामकिशन शर्मा, राजस्थान सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री बृज किशोर शर्मा,महामंडलेश्वर श्री विष्णु शरण दास महाराज रहे। जिसमें पंचायत समिति माधोराजपुरा ग्राम पंचायत डिडावता सरपंच नंदलाल माली को अपने क्षेत्र में पर्यावरण, शिक्षा, चिकित्सा, खेलकूद, भारत सरकार व राजस्थान सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक अपने क्षेत्र में लाभ दिलवाना व क्रियान्वित करवाना,क्षेत्र में अति उत्कृष्ट कार्य करने पर राजस्थान श्री अवार्ड से नवाजा गया।क्षेत्र के लोगों द्वारा अवार्ड से सम्मानित होने पर ग्राम पंचायत डिडावता सरपंच को बधाई दी।और कहां की आपके द्वारा ग्राम पंचायत डिडावता में कहीं ऐसे कार्य जनहित में किए गए।

सांभर कस्बे में हत्या का प्रयास किया गया

हमारा समाचार

सांभरलेक। सांभर में रात 9 बजे 22 गोदाम वार्ड नंबर 3 के रेगर मोहल्ला सांभरलेक मैं हत्या का प्रयास करने वाले तेज आवाज में डीजे चला कर हत्या का प्रयास किया वह चार लोग घायल हुए एक जयपुर रैफर किया गया डीजे चलाकर यह लोग समझे की डीजे की आवाज में किसी को मालूम नहीं होगा डीजे चलाने से आवाज बाहर नहीं जाएगी लेकिन आदतन अपराधी बदमाशों को एक कहावत का मालूम नहीं था की मारने वाले से बचाने वाला भी होता है आए दिन झगड़ा प्रसाद करने पर उतारू रहते हैं मोहल्ले में हर किसी से झगड़ा करके औरतों को आगे करते है इनका सहयोगी ओमप्रकाश पुत्र भंवरलाल राहुल पुत्र ओमप्रकाश हैं जिससे मोहल्ले वाले इसे डर के रहते हैं लेकिन अब इनके खिलाफ मुकदमा पुलिस थाना सांभर में दर्ज करके जांच प्रारंभ कर दी गई है ऋक्ष ठड 0057/ 2025 बदमाश आदतन अपराधी छगनलाल पुत्र कजूराम मदन पुत्र कजूराम प्रभाती पत्नी मदन सुंदरी पत्नी छगन चंदू की पत्नी चंदू पुत्र मदन युवराज पुत्र मदन धनराज पुत्र छगन विष्णु पुत्र छगन बनवारी पुत्र कजू मोहन पुत्र कजू इन पर 0149/2020 मुकदमा पहले से मुकदमा चल रहा है जिसका मामला कोर्ट में विचार दिन चल रहा है जिसकी रंजिश लेकर कई बार राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया लेकिन राजीनामा नहीं होने से यह लोग एक राय होकर डीजे चला कर हत्या का प्रयास किया यह लोग रात में दारू पीकर के रोज दारू के नशे में डीजे भी चलाते हैं जिससे मोहल्ला वाले सभी लोग इसे डरते हैं क्यों कि यह आदतन अपराधी मारपीट पर उतारू रहते हैं इसलिए इन लोगों की थाने में कोई शिकायत नहीं करते हैं।

हरमाड़ा घाटी : पहाड़ियों पर लगी आग, 3 घंटे की बड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

हजारों पेड़ पौधे व घास फूस जलकर हुए नष्ट

हमारा समाचार

रामपुरा डाबडी। हरमाड़ा क्षेत्र के मनसा माता मंदिर के पास पहाड़ीयों पर रविवार दोपहर को अचानक आग लग गई।जो तेज हवा के कारण तेजी से फैलने लगी। सूचना मिलते ही वन विभाग और हरमाड़ा थाना पुलिस व स्थानीय लोग और अग्निशमन दल की दो गाड़ी मौके पर पहुंची। जहां स्थानीय लोगों की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय निवासी रणजीत सैनी,भोमिया

जी मंदिर पुजारी भगवान सहाय ने बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे के लगभग पहाड़ी के आसपास बसी कॉलोनी वासियों ने पहाड़ी पर तेज धुआं व आग की लपटे देखी।सूचना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे तो देखा पहाड़ी पर आग लगी हुई है। जहां पुलिस व दमकल को सूचना दी। सूचना पर मौके पर हरमाड़ा पुलिस व विश्वकर्मा से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। वही वन अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी गई।वो भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगो ने भी बोरियों पेड़ों की गीले पत्तों की टहनियों से आग बुझाना शुरू किया। लेकिन आग तेज हवा के चलते फैलती गई।दमकल कर्मियों ने काफी कड़ी मशक्कत के बाद करीब 3 घंटे से आग पर काबू पाया। आग लगने से घास फूस हजारों पेड़ पौधे आदि जलकर नष्ट हो गए।

पूरी पहाड़ी पर लग सकती थी आग

पहाड़ी पर जब कॉलोनी वासियो ने आग की लपटें देखी तो स्थानीय लोगों ने पुलिस व दमकल को सूचना दी। हरमाड़ा पुलिस व फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। अगर थोड़ी और देर होती तो आग पूरी पहाड़ी में फैल सकती थी। जिससे पहाड़ी की वनस्पति को काफी नुकसान पहुंचने का खतरा था। वही तेज हवा के कारण इसका दायरा बढ़ता गया। दूर-दूर तक आग की लपटें दिखाई देने लगी थीं।

महावीर शर्मा को किया सम्मानित

हमारा समाचार

पावटा। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो नेपाल समरसता ऑर्गेनाईजेशन व राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच द्वारा 76वें राजस्थान स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रत्न बाग जयपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में महावीर शर्मा वरिष्ठ अध्यापक राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय जयसिंहपुरा विराटनगर जिला कोटपूतली बहरोड को न्यायमूर्ति परमानंद झां महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार माननीय श्री किंग जोंग दोरजी पूर्व प्रधानमंत्री रॉयल भूटान सरकार विश्व रतन महावीर प्रसाद तोड़ी अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजकिशोर शर्मा पूर्व स्वतंत्रता सेनानी व सांसद पंडित रामकिशन शर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीमान सीपी जोशी व सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के वरिष्ठ अधिवक्ता ए पी सिंह जी द्वारा महावीर शर्मा को राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया अवार्ड से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

चांद दिखा : खुशियों का पर्व, ईद-उल-फितर आज

हमारा समाचार

सांभरलेक। 29 रोजे पूरे होने के बाद मुस्लिम भाई सोमवार को ईद-उल-फितर (मीठी ईद) मनाएंगे। जाकिर कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को शाम चांद दिखाई दिखने के साथ ही मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर रात तक चलता रहा। चांदरात में जमकर खरीदारी की गई। मुस्लिम समाज लोगों ने देर रात तक जमकर खरीदारी की चांद देखने के साथ ही तरावीह की विशेष नमाज पूरी हो गई मुस्लिम लोगों ने पूरे 29 रोजे रखकर अल्लाह के इबादत की सांभर रेलवे स्टेशन स्थित ईदगाह में ईद की मुख्य नमाज आज सुबह 8:30 बजे, मरहूम नूरुल हसन उस्मानी के साहबजादे काजी फहीम उस्मानी नमाज अदा करायेगे।



कराटे बेल्ट ग्रेडिंग का किया गया आयोजन

हमारा समाचार

जयपुर। एकेडमी ऑफ कॉम्बैट आर्ट्स के तत्वावधान में रविवार को कराटे बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। एकेडमी के राजस्थान चीफ शिहान उमेश देवतवाल ने बताया कि 18 बच्चों ने कराटे बेल्ट टेस्ट पास किया। कराटे बेल्ट टेस्ट पास करने वाले बच्चों में यशोदेव, रुद्रदेव, नित्यांशी (शोडान हो बेल्ट) निशा वर्मा, हर्षिता वर्मा, अनिष्का दुलारिया (ब्राउन बेल्ट) शिवांश शर्मा, लक्ष्य रघुवंशी, इशू जटोलिया (पर्पल बेल्ट) कंचन गौड़, रिध्या शर्मा (ब्लू बेल्ट) माही सिंह, कृष्णा कुमार, हिमांशु कुमार (ग्रीन बेल्ट) हर्षिता रघुवंशी, जय दायमा (ऑरेंज बेल्ट) परिधि दाधीच, भव्या रघुवंशी (येलो बेल्ट) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। एकेडमी के स्टेट टेक्नीकल डायरेक्टर सैंसेई विनय

कुमार ने बताया कि कराटे को पूरी मेहनत से करे तो करियर बनाना मुश्किल नहीं। कराटे से स्टूडेंटस का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और दिमागी तौर से भी मजबूती मिलती है। मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस के साथ सेल्फ कॉन्फिडेंस को भी डवलप करता है। स्टूडेंटस के लिए ये ईश्वरीय वरदान की तरह है, जो स्टडी में एक्स्ट्रा सपोर्ट करने के साथ ही करियर को नई दिशा देता है।

हिंदू नववर्ष पर अग्रवाल यूथ एसोसिएशन ने किया परिंडे वितरण, 300 परिंदों का हुआ वितरण

हमारा समाचार

जयपुर। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के उपलक्ष्य में अग्रवाल यूथ एसोसिएशन, टोंक रोड, जयपुर द्वारा परिंडे वितरण एवं नववर्ष स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री अग्रवाल समाज सेवा समिति ट्रस्ट, टोंक रोड एवं श्री अग्रवाल समाज सेवा समिति, टोंक रोड के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन, 63, बैंक कॉलोनी, महेश नगर, जयपुर में आयोजित हुआ। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए 300 परिंदे वितरित किए गए, जिससे वे जल संकट से राहत

पा सकें। समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे और उन्होंने इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अग्रवाल समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने समाज के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उपस्थित सदस्यों ने हिंदू नववर्ष को उल्लास और सेवा भाव के साथ मनाने पर खुशी जाहिर की।

पर्यावरण संरक्षण व जीव दया के लिए प्रेरणादायक पहल

परिंडे वितरण अभियान के तहत समाज के युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण और जीव दया का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में समाज के सभी सदस्यों ने इसी तरह के सेवा कार्यों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

ईसर व गणगौर की शाही सवारी की तैयारियां पूर्ण

कुंवारी कन्या श्रेष्ठ वर व विवाहित महिलाएं पति की दिघार्यु के लिए करती है गणगौर पूजा

हमारा समाचार

पावटा। कस्बे में निकाली जाने वाली गणगौर माता की शाही सवारी की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सांयकाल कस्बे स्थित ठाकुरों की हवेली से गाजे बाजे के साथ ईसर व गणगौर की शाही सवारी निकाली जायेगी। मेले को लेकर ठाकुरों की हवेली से कस्बे के प्रमुख रास्तों से होते हुए बाजार तक तोरण द्वार लगाकर रास्तों को संजाया गया है। गौरतलब है कि होली दहन के दूसरे दिन प्रारम्भ हुए गणगौर पूजन का यह उत्सव गणगौर की शाही सवारी निकाले जाने के

साथ हि समापन होगा। इस पर्व को लेकर खासकर महिलाएं बड़ी प्रसन्न है। गणगौर पर्व को कुंवारी कन्या श्रेष्ठ वर व विवाहित महिलाएं अपने पति की दिघार्यु उम्र की कामना को लेकर 16 दिनों तक गणगौर की विशेष पूजा अर्चना व उपवास करती है। स्थानीय नगरवासी काजल अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, काजल मंगल आदि ने बताया कि गणगौर का पर्व हर महिला के लिए विशेष महत्व रखता है। कुंवारी कन्या एवं महिलाएं गण के रुप में भगवान शिव एवं गौर के रूप में माता पार्वती की विशेष पूजा करते हुए उनसे अपनी इच्छाओं की कामना करती है। 16 दिन बराबर पूजा करते हुए कुंवारी कन्याओं एवं नवविवाहित महिलाओं ने रविवार को आखिरी बार बगीचों में जाकर फूल, दूर्वा, जल एकत्रित किया तथा गणगौर के महापर्व की तैयारियों में लग गई। ठाकुर जयसिंह शेखावत, विकास सिंह, अजीत सिंह आदि ने बताया कि गणगौर सवारी को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सायंकाल करीब 4.30 बजे कस्बे वार्ड 15 स्थित ठाकुरों की हवेली से शाही लवाजमें के साथ गणगौर माता की शाही सवारी निकाली जायेगी। जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए होली चौक तक जाकर पुनः ठाकुरों की हवेली पहुँच कर विसर्जित हो जायेगी।

ईद उल फितर तैयारियां पूर्ण जामा मस्जिद रोशनी से नहाई

हमारा समाचार

बगरू। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में ईद उल फितर सोमवार को मनाया जाएगा। बगरू सदर इकबाल खान ने बताया कि पर्व को लेकर बगरू मुस्लिम विकास समिति के तत्वावधान ईद उल फितर कि तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। इस अवसर पर कस्बे की जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद को रोशनी से सजाया गया है।

जय माँ महाकाली मंदिर में कुण्डात्मक यज्ञ और सतचण्डी के पाठ आयोजन

हमारा समाचार

बगरू। कस्बे में अठमोरिया स्थित रामदेव गौशाला के पास जय माँ महाकाली मंदिर में रविवार को जय माँ महाकाली नवयुवक मंडल के तत्वावधान में

कुण्डात्मक यज्ञ व दुर्गा सतचण्डी का पाठ का आयोजन किया गया। वही कन्याओं को भोज करवाया गया। इस दौरान अध्यक्ष विनोद कुमावत ने बताया कि मातारानी का भव्य दरबार सजाया गया। वही रामदेव गोशाला से मंदिर स्थल तक गाजे बाजे के साथ महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान विष्णु नामा, सोनू महरवाल, राजू दर्जी, नाहरसिंह, जितेन्द्र झालानी, कपिल नामा ,योगेश कुमावत, पं.आचार्य कालूराम शर्मा आदि के द्वारा सामूहिक महाआरती की गई। इस दौरान गायक कलाकारों के द्वारा भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई।

डॉ. सुरभि गुप्ता ने महाराष्ट्र में महिला उद्यमियों के कार्य-जीवन संतुलन पर पीएचडी पुरी की

हमारा समाचार

रामपुरा डाबडी। डॉ.सुरभि गुप्ता ने महाराष्ट्र में महिला उद्यमियों के कार्य-जीवन संतुलन पर पीएचडी की उपाधि हासिल की है। गुप्ता ने भारती

विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी, पुणे से प्रबंधन में सफलतापूर्वक पीएचडी पूरी की है। महाराष्ट्र के ठाणे की महिला उद्यमियों के कार्य-जीवन संतुलन पर शोध डॉ.एस.बी. सावंत, निदेशक, बीवीडीयू, अभिजीत कदम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड सोशल साइंसेज, सोलापुर के मार्गदर्शन में पीएचडी पुरी की है। जिसमें गुप्ता ने कार्य-परिवार संतुलन पर तनाव, समय प्रबंधन और कार्य संतुष्टि के प्रभाव का पता लगाया। गुरुओं और प्रियजनों के अटूट समर्थन के साथ उन्होंने प्रबंधन में अपनी विशेषज्ञता को मजबूत करते हुए इस कठिन यात्रा को आगे बढ़ाया। यह उपलब्धि एक नया अध्याय है, क्योंकि उनका लक्ष्य शिक्षा और उद्योग में सार्थक योगदान देना है।राजावास निवासी सुरभि गुप्ता के ससुर गोपीचंद मीणा व परिवार जनों ने इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

ओम क्रिकेट अकादमी का विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने किया उद्घाटन

हमारा समाचार

बड़के बालाजी। बगरू विधायक कैलाश वर्मा ने रविवार को विधान सभा क्षेत्र के कई गावों का दौरा किया इस दौरान किया इस दौरान ओमेक्स सिटी के पास स्थित ओम क्रिकेट एकेडमी उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कैलाश वर्मा ने फीता काट कर उदघाटन किया इस दौरान एकेडमी के सीताराम शर्मा काजोड़ मल शर्मा, बाबू लाल शर्मा, गोपी गुजर, एकेड़मी ऑनर ओपी गुजर संजय शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा ने मुख्य अतिथि कैलाश वर्मा, ठिकरिया पंचायत के सुभाष चौधरी आदि का माला पहनाकर व साफा बंधवाकर स्वागत किया इस दौरान नरसिंहपुरा पंचायत पूर्व उप सरपंच अजीत जाखड, सुरेश बोहरा, कजोड़ गोरा ,कैलाश यादव,विकास शर्मा, सुशील शर्मा, रामराय शर्मा आदि मौजूद थे।

कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने पर दिया जोर

हमारा समाचार

बगरू। कस्बे में स्थित जैन धर्मशाला में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप पाटनी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व विधायक गंगा देवी वर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष आर आर तिवारी, बगरू विधानसभा प्रभारी बृजेन्द्र सिहाग, ब्लॉक अध्यक्ष रामवतार मोगरा, सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल, आदर्श जाट महासभा प्रदेश अध्यक्ष भैरू राम डागर, पूर्व जिला अध्यक्ष सीएम भदाला आदि उपस्थित रहे। प्रारम्भ में बगरू नगर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्म भेद नहीं करती है। पार्टी की रीति नीति सबको साथ लेकर चलने की है। कार्यकताओं को घर घर जाकर पार्टी की रीति नीति का प्रचार कर लोगों को अवगत करवाया जाना चाहिए, हम सभी को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाकर आगे तक पहुंचाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोइनुद्दीन, इंटक प्रदेशाध्यक्ष बजरंग मीणा, पूर्व अध्यक्ष बद्रीनारायण छीपा, ब्लॉक अध्यक्ष कोशल्पा कुमावत, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पारनी, पूर्व अध्यक्ष मनीष पटेल, पार्षद गिर्राज चौधरी, जयदेव मीणा, भगवान सहाप, पार्षद प्रतिनिधि नन्दकिशोर अतोरिपा, कृषि मंडी चेयरमैन अनिल नंदवाना, युवा कांग्रेस बगरू विधानसभा अध्यक्ष सुनील चौधरी, ज्ञानेंद्र चंदावत, भवानी थोरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी मौजूद थे।

बालनाथ आश्रमः विश्व का सबसे ज्यादा समय एक वर्ष से चल रहा रुद्र महायज्ञ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजन लाल समेत बड़ी संख्या में राजनैतिक हस्तियां पहुंचेगी पावटा

हमारा समाचार

पावटा। पावटा स्थित खेलना मोड़ बाबड़ी पर विश्वविख्यात अवधूत महासिद्ध योगी बाबा बालनाथ की जीवंत समाधि एवं तपोस्थली के तत्वावधान में विश्व के इतिहास के सबसे लंबी अवधि एक वर्ष से श्री श्री 1008 बस्तीनाथ महाराज के सान्निध्य में वर्ष पर्यंत 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन रविवार 06 अप्रैल रामनवमी के दिन किया जायेगा। बाबा बस्तीनाथ महाराज ने बताया कि इस महायज्ञ का 11 अप्रैल 2024 को प्रागपुरा से लक्खी कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। इस विशाल महामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन विश्व कल्याण, सनातन धर्म, पर्यावरण संरक्षण,

महामारी प्राकृतिक प्रकोप से रक्षा, लोक कल्याण, दीघार्यु, सामाजिक समरसता को दृष्टिगत रखते हुए किया जा रहा है। मदन लाल आरएसएस प्रागपुरा ने बताया कि बाबा बालनाथ की असीम अनुकंपा एवं बाबा बस्तीनाथ जी के सान्निध्य में 2008 से लगातार 108 कुंडीय रुद्रमहामृत्युंजय यज्ञ से लेकर 1111, 2121, 5151, 6161, 9108 कुंडिय एवं 108 कुण्डीय वर्ष पर्यन्त महायज्ञ सफलता पूर्व सम्पन्न किये जा चुके है। सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव ने बताया कि रुद्र महायज्ञ की महा पूणार्हूति पर रामनवमी के दिन विशाल भण्डारा एवं सत्संग का आयोजन होगा। जिसमें आस पड़ोस समेत दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। महायज्ञ की समापन की तैयारियों को लेकर एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार संजय कुमार खेदड़, एईएन संजय जाखड़, जेईएन वीरेन्द्र यादव ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया हैं। साथ हि सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए उचित बेरीकेडिंग करवाने के साथ-साथ अन्य सभी जरूरी प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये है। सीताराम गौत्तम, कमलेश कुमार व डॉ. सुरेन्द्र यादव ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा समेत केंद्रीय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव समेत बड़ी संख्या में राजनैतिक हस्तियां पहुंचेगी। सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव लाडाकाबास ने बताया कि समारोह को लेकर 15 दिनों से डोम निर्माण व भंडारे के लिए टैंट सहित जलाशय व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निर्माण किया जा रहा है। साथ हि बावड़ी आश्रम में आयोजित समापन समारोह में होने वाले भंडारे के लिए 10 बीघा भूमि पर टैंट लगाया जा रहा है।

नवज्योति शिक्षा निकेतन पहाड़िया में मनाया राजस्थान दिवस

हमारा समाचार

रेनवाल माजी। ग्राम पंचायत पहाड़ियां में स्थित नवज्योति शिक्षा निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान दिवस मनाया गया।इस अवसर पर संस्था प्रधान हनुमान सहाय शर्मा पहाड़िया ने बताया कि 30 मार्च 1949 चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा जोधपुर,जयपुर, जैसलमेर,बीकानेर रियासतों को मिलाकर वृहद राजस्थान का उद्घाटन किया गया था।चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से ही भारतीय नववर्ष शुरू होता है। वर्तमान राजस्थान सरकार द्वारा इस वर्ष से राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाने का निर्णय लिया गया है।संस्था प्रधान द्वारा राजस्थान दिवस से संबंधित संपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी गई।राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर अध्यापकों व विद्यार्थियों ने राजस्थानी पोशाक पहनी।

चामुंडा माता मंदिर पहाड़िया में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

हमारा समाचार

रेनवाल माजी। ग्राम पहाड़ियां में अरावली पर्वत श्रृंखला के पहाड़ पर लगभग 1000 फीट ऊंचाई पर व लगभग 550 सीढ़ियां चढ़कर चामुंडा माता मंदिर में प्रथम नवरात्रि के दिन बड़ी संख्या में माता के भक्त पहुंचे। समाजसेवी हनुमान सहाय शर्मा पहाड़िया ने बताया नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार होने के कारण प्रातः काल से ही बड़ी संख्या में भक्त माता के दरबार में पहुंचना शुरू हो गए।माता के दरबार में आए हुए भक्त माता को पुआ, पापड़ी, खीर, चूरमा बाटी आदि का भोग लगाकर व धोक लगाकर माता से अपने व परिवार के लिए सुख समृद्धि की मनोकामनाएं मांगी।आसपास के गांवों समेत दूरदराज के भी काफी श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए आए।प्रातः काल से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में माताजी के जयकारे लगाते हुए सीढ़ियां पर चढ़ रहे थे।महिलाएं सिर पर प्रसाद की टोकरिया लिए हुए,माता के मंगल गान गाते हुए आगे बढ़ रही थी।चामुंडा ग्राम विकास समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पानी,बिजली व छाया की समुचित व्यवस्था करवाई गई।समिति के सदस्यों व पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व शांति व्यवस्था संभाली।

गाजे-बाजे के साथ बगरू जुगल दरबार मेलें का चढ़ाया ध्वज

इसी के साथ ही जुगल दरबार मेले का हुआ आगाज

हमारा समाचार

बगरू। कस्बें में श्री जुगल दरबार मेला समिति तथा नगरपालिका मंडल के संयुक्त तत्वावधान में लगने वाले ऐतिहासिक तीन दिवसीय जुगल दरबार प्राचीन मेले का रविवार को सुबह मेला मैदान बाग परिसर में ध्वज चढ़ाने के साथ ही आगाज हुआ।इस अवसर पर सुबह श्री जुगल दरबार मेला समिति नेतृत्व में जुगल दरबार मंदिर परिसर से सेवायत शंकर व मुकेश पण्डा के द्वारा विधिपूर्वक गाजे-बाजे के साथ ध्वज पूजन कर रवाना किया गया। ध्वज यात्रा कस्बे के जुगल बाजार, बिहारी बाजार, तकिया बस स्टैंड, लिंक रोड़ सहित मुख्य मार्गों होते हुए मेला मैदान पर पहुंचा जहां पूजा-अर्चना के बाद ध्वज चढाने के साथ मेले का आगाज हुआ। मेला मैदान पर ध्वज चढ़ाने के साथ मेले की तैयारियां शुरू हो गई है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष मालूराम मीणा, उपाध्यक्ष तथा मेला समिति संयोजक अजय चौहान, उपाध्यक्ष लालचंद पण्डा, कालूराम जांगिड़, गोपाल चलावरिया, नारायण दोसाया, विजेंद्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष प्रभुनारायण पण्डा, महामंत्री डॉ.सतीश भारद्वाज, कार्यालय मंत्री कन्हैयालाल जांगिड़, राजेश कुमार नामा, संगठन मंत्री गोविंद टेलर, व नरेश जांगिड़ सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

सीएलजी मीटिंग का आयोजन, त्योहारों पर शांति बनाए रखने की अपील की

हमारा समाचार

सांभरलेक। पुलिस थाना सांभरलेक में आगामी त्यौहारों को लेकर सीएलजी मीटिंग का आयोजन किया गया। एसडीएम अमन चौधरी थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में सभी धर्म के लोगों को मीटिंग में बुलाकर वातार्लाप किया गया। जन समस्या का भी समाधान करने करने का निर्देश दिया बिजली पानी नगर पालिका साफ सफाई सभी चीजों को ध्यान में रखकर सभी कार्यालय को फोन से अवगत करवा करके निर्देश दिए। रेली में किसी प्रकार की परेशानी ना हो सभी धर्म के लोग मीटिंग में उपस्थित रहे और अपनी समस्या भी अवगत करवाया गया पूर्व विधायक प्रत्याशी गोपाल जी वार्ड नंबर 6 में रमजान फकीर ने अतिक्रमण कर रखा है जिसकी हटाने की मांग रखी क्योंकि आगामी त्योहारों में अंबेडकर जयंती का प्रोग्राम आ रहा है जो रास्ता पर अतिक्रमण होने की वजह से अंबेडकर चेतना समिति की रैली को घूम करके जाना पड़ता है जिसमें काफी समय बर्बाद होता है और बहुत सारी परेशानी भी आती है।

राजस्थान श्री अवार्ड से नवाजा गया नीरज सैन को

हमारा समाचार

पावटा। राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को भारत की शक्ति, भारत की प्रतिष्ठा, भारत के पंचशील सिद्धान्तों को वैश्विक स्तर पर बढाने वाली संस्था राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच द्वारा जयपुर के रतन बाग स्थित सांस्कृतिक सभागार में आयोजित। क्षेत्र में किये जा रहे पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा तथा गरीब एवं जरुरतमंद लोगों की सेवा कार्यो का अवलोकन करते हुए सम्मानीय प्रतिभा के रूप में संकल्प हरियाली संयोजक नीरज सैन को राजस्थान श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया

। नीरज सैन के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण, गो सेवा, गरीब जरुरतमंदों की सेवा के साथ- साथ रक्तदान शिविर, कोरोना काल में पीड़ित परिवारों की सहायता करने जैसे बहुत से कार्य किये है। समिति के द्वारा किये जाने वाले सेवा कार्य आज भी लगातार जारी है। सैन के नेतृत्व में क्षेत्र के 40 से अधिक युवा समिति से जुडकर इन सेवा कार्यो को निस्वार्थ भाव से समपन करने में लगे हैं। सैन का यह सम्मान सम्पूर्ण समिति के सम्मान के साथ- साथ परोपकार की भावना रखने वाले सभी सेवा कार्य करने वालों का सम्मान है। इस अवसर पर पूर्व सांसद पंडित रामकिशन शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, प्रथम महिला अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा सुमित्रा सिंह, राजस्थान सरकार पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रजकिशोर शर्मा, न्यायमूर्ति करणी सिंह राठौड़, सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, जिला प्रमुख जयपुर रमा चोपड़ा, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, राजस्थान सरकार कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्य मंत्री मंजू बाधमार,पूर्व सांसद डॉक्टर करणी सिंह यादव, प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ सैन के सम्मान में साक्षी रहे।

भाजपा कार्यकताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

हमारा समाचार

नरैना। भाजपा मंडल अध्यक्षी भंवर माली के नेतृत्व में सभी पदाधिकारीयों व कार्यकताओं ने मन की बात सुनी व हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के शुरू होने पर मिठाई बाटकर खुशियां मनाई साथ ही नवरात्रा स्थापना दिवस भी मनाया और राजस्थान स्थापना दिवस पर भी खुशियां मनाई इस मौके पूर्व अध्यक्ष रतन गंगवाल शंकर महाराज भंवर दहीया, राजेश शर्मा,नानू माली श्री राम पारीक देवराजगुर्जर, महावीर प्रजापत पार्षद कालू योगी रामप्रसादशर्मा रौनक शर्मा युवा मोर्चा मंडलअध्यक्ष बलवीर गुर्जर फतेह सिंह जगदीश गुर्जर राहुल बोहरा सोनू भार्गव रतन गुर्जर दीपक ज्योतिष अनिल गुर्जर अमित भारद्वाज अमित लाटा अभिषेक भारद्वाज काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पालिका अध्यक्ष सावित्री देवी स्वामी ने गणगौर माता के वस्त्र व चंवर भेंट किया

हमारा समाचार

नरैना। कस्बे में गणगौर माता मेला समिति द्वारा गणगौर के अवसर पर

दो दिन 16 श्रंगार से परिपूर्ण गणगौर माता की सवारी गाजे-बाजे के साथ निकाली जाती है। पालिका अध्यक्ष सावित्री देवी स्वामी ने अपनी पुत्रवधु स्वर्णलता स्वामी के साथ गणगौर माता की सवारी निकालने से पूर्व अपने निवास पर समिति के मुरारी पटेल को गणगौर माता के वस्त्र व चांदी के हत्थे वाला चंवर भेंट कर गणगौर माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस दौरान श्रीनंदन तेला, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. पुखराज स्वामी, पार्षद रामप्रसाद शर्मा, कालू योगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रकाशोत्सव में उमड़ा आस्था का जन सैलाब, मत्था टेक कर की गुरु की अरदास

हमारा समाचार

नरैना। कस्बे के दूदू रोड़ पर स्थित श्री चरण कमल साहिब गुरुद्वारा में गुरमति समागम के तीसरे दिन रविवार को प्रकाशोत्सव के अवसर पर आस्था के जनसैलाब ने गुरूवाणी के आगे मत्था टेक कर गुरु की अरदास की। प्रकाशोत्सव से पूर्व गुरूद्वारा के मुख्य गुबंद सहित परिसर

गुरु गोविन्द सिंह के नरैना आगमन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है प्रकाशोत्सव

को रंग-बिरंगी रोशनी कर सजाया गया। गुरूद्वारा के सेवादार बाबा बलविंदर सिंह ने बताया कि गुरमति समागम का शुभारंभ शुक्रवार को अखंड पाठ साहिब से शुरू हुआ। रविवार को अमृतसर आदि जगहों से पधारे रागी-जत्थों ने शबद कीर्तन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को निहाल किया। सांय चार बजे धार्मिक दीवान सजाया गया। इस दौरान सुबह से लेकर देर रात तक गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। खाकी ड्रेस व भगवा सिक्ख पगड़ी पहने निशाना एक सिक्खी प्रिपेटरी के चालीस युवाओं ने व्यवस्था संभालने में सहयोग किया। प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में मुख्य गुरूद्वारा साहिब की विशेष सजावट की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं के गला तर करने के लिए शीतल गन्ने का रस, नमकीन छाछ आदि की व्यापक व्यवस्था की गई। प्रकाशोत्सव के दौरान गंदगी ना फैलें, इसके लिए लंगर सहित अन्य खाद्य सेवाओं के लिए स्टील के बर्तनों का उपयोग किया गया। इस दौरान कार सेवा खडूर साहिब के बाबा लक्खा सिंह,बाबा सेवा सिंह, व्यवस्थापक बाबा निहाल सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

देश के नौनिहालों, महिलाओं शिक्षकों की सुरक्षा सर्वोपरि

सांभरलेक। राजस्थान सरकार, शिक्षा विभाग द्वारा सर्वत्र समृद्धि संस्थान (एनजीओ) के साथ राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत हुए एमओयू के अनुसार राज्य के स्कूलों में आपदा प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन और शिक्षकों को प्रशिक्षण का कार्य शुरू हो चुका है। सर्वत्र समृद्धि संस्थान के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बताया कि सरकार के दिशा निदेर्शों के अनुरूप

इसका क्रियान्वयन सांभरलेक ब्लॉक में किया जा रहा है। कम्युनिटी रेसिलियंस और क्षमताओं के निर्माण के लिए आवश्यक है कि समुदाय के सभी क्षेत्रों के सभी वर्ग जागरूक हों। सरकार का कार्यक्रम जनता का कार्यक्रम बने और हम सुरक्षित राज्य और सुरक्षित राष्ट्र का लक्ष्य प्राप्त करने में अपनी भागीदारी निभाएं। इस कार्यक्रम के अनुसार सांभरलेक ब्लॉक में बरडोती, पीपला की ढाणी,गोपालपुरा, अटलपुरा ,हचुकड़ा,कोरसीना, फुलेरा, सांभरलेक, खंडेल,जेतपुरा, जयसिंहपुरा के पीईओ अधीनस्थ सभी पीएस, यूपीएस विद्यालय में स्कूल आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

श्री कृष्ण महिला छात्रावास में राजस्थान स्थापना व नवसंवत्सर दिवस मनाया

भामाशाहों द्वारा अध्ययनरत 52 छात्राओं को ट्रैक सूट की घोषणा व सहयोग राशि प्रदान की

हमारा समाचार

पावटा। श्री कृष्ण महिला छात्रावास में 76 वे राजस्थान स्थापना दिवस एवं भारतीय नवसंवत्सर दिवस के अवसर पर पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटपूतली बहरोड़ यादव समाज जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव पूर्व गिरदावर एवं समाज वरिष्ठ रामकरण खोला द्वारा अध्यक्षता की गई। विशिष्ट अतिथि रामावतार यादव समाज अध्यक्ष, गिरधारी लाल यादव पूर्व अध्यक्ष, राजेन्द्र यादव ऑडिटर, प्रवक्ता रामकरण यादव अवार्डी, बस्ती राम यादव, अमीचंद डाबड़, प्रकाश यादव झाड़ावाली, रामसिंह यादव रहे। प्रवक्ता रामकरण यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत मां शारदे के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर सभी अतिथियों का माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रवक्ता रामकरण यादव द्वारा सम्बोधित करते हुए छात्रावास

में अध्ययनरत सभी 52 छात्राओं को अपनी तरफ से ट्रैक सूट मय शूज मौजे देने की घोषणा की। साथ ही जरूरतमंद छात्राओं की बेहतर शिक्षा में मदद कोष में ईक्कीस हजार रुपए सत्यनारायण यादव कांसली, इक्कीस हजार रुपए डॉ एस एम यादव संजीवनी अस्पताल, ग्यारह - ग्यारह हजार रुपए ऑडिटर राजेन्द्र यादव जगदीशपुरा, रामकरण खोला, अमीचंद डाबड़ द्वारा सहयोग स्वरूप दिया गया। वक्ताओं द्वारा वीरों की धरती राजस्थान के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक समृद्धि और वैभव की जानकारी तथा भारतीय नवसंवत्सर विक्रम संवत की महत्ता का वर्णन करते हुए प्रेरणात्मक प्रोत्साहन दिया। तथा बेहतरीन तरीके से पढ़ाई कर अच्छा मुकाम हासिल करते हुए समाज और देश के प्रति एक सभ्य व सुसंस्कृत नागरिक बन राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने की बात कही। इस दौरान वार्डन सुमन यादव, पुष्पा यादव, हनुमान बाबूजी, गुलजारीलाल यादव, सुरेश यादव, शीशराम यादव सहित समाज प्रबुद्धजनों एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

हमारी न्यायपालिका की साख पर अधजले नोट की कालिख लगी है। सच या साजिश, अभी इसका पता नहीं है। देश की सर्वोच्च अदालत सजग है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर आरोप लगे हैं कि उनके राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास परिसर में आग की घटना के दौरान भारी मात्रा में अधजले नोट आग बुझाने के समय मिले हैं। इसके बाद से देश का न्याय तंत्र हिला हुआ है। हमारी न्याय व्यवस्था पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। जस्टिस वर्मा ने अपनी सफाई में कहा है कि वो उस दिन दिल्ली में नहीं थे, उनके आवास के जिस बाहरी हिस्से में आग लगी, उस तरफ उनके परिवार का जाना-आना नहीं है, वहां मिले अधजले नोट उनके व उनके परिवार के किसी के नहीं हैं, उनके खिलाफ साजिश हो रही है। इस मामले को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने एक रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। ऐसे कई मौके आए हैं, जिसमें हमारी न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। फिर भी जन मानस को यदि इंसाफ की एक उम्मीद है तो वह न्यायपालिका से ही है। आज न्यायपालिका के सामने इस उम्मीद को जिंदा रखने की चुनौती है। अधजले नोट मुद्दे के बहाने इंसाफ के संकट व न्यायिक सुधार पर आजकल का ताजा अंक...

जवाबदेह-भ्रष्टाचारमुक्त न्याय तंत्र कब?

विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन

राजनीतिक विश्लेषक एवं सॉलिसिटर

सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से निलंबित कर दिया है और उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। इन सबमें सवाल है कि जस्टिस वर्मा के आवास परिसर में नोट कहां से आए, किनके हैं, नोट जस्टिस वर्मा के नहीं हैं, तो उनके घर कैसे पहुंचे, किसने पहुंचाए, क्या एक जज के आवास पर कड़ी सुरक्षा के पहरे में किसी शख्स के लिए नोट पहुंचाना संभव है? किसी ने साजिश की है, तो भला उन्होंने ऐसा क्या किया कि उनके खिलाफ किसी ने साजिश की? फिलहाल तो उनके आवास परिसर में अधजले नोट मिले हैं, तो उनकी जवाबदारी है।

अगस्त, 2017 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में कथित तौर पर ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने के कारण 60 बच्चों की मौत मामले में चिकित्सीय लापरवाही का आरोप झेल रहे डॉ. कफ़ील ख़ान को वर्ष 2018 में इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान जमानत देने वाले जस्टिस यशवंत वर्मा आजकल सुर्खियों में हैं। जज के नाते अपने फैसलों की वजह से नहीं, बल्कि अपने आवासीय परिसर में मिले अधजले नोटों के चलते हर किसी की जुबान पर हैं। दिल्ली हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर आरोप लगे हैं कि उनके राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास परिसर में आग की घटना के दौरान भारी मात्रा में अधजले नोटों की गड्डियां आग बुझाने के समय मिले हैं। इसके बाद से जनता के मन में न्यायिक तंत्र में अविश्वास बड़ा हुआ है। हमारी न्याय व्यवस्था पर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। हाई कोर्ट के जज को सभी लक्जरी सुविधाएं सरकार से मिलती हैं, ताकि वो लालचमुक्त हो निडर होकर न्याय कर सकें।

जस्टिस वर्मा ने अपनी सफाई में कहा है कि वो उस दिन दिल्ली में नहीं थे, उनके आवास के जिस बाहरी हिस्से में आग लगी, उस तरफ उनके परिवार का जाना-आना नहीं है, वहां मिले अधजले नोट उनके व उनके परिवार के किसी के नहीं हैं, व यह उनके खिलाफ साजिश है। इस मामले को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने एक रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी है। सुप्रीम कोर्ट ने अधजले नोट मामले की जांच के लिए आंतरिक स्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। कमिटी में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति जी. एस. संधावालिया व न्यायमूर्ति अनु सिवारमन हैं। जांच पड़ताल के उपरांत रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय को दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्य से निरस्त कर दिया है व उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। इन सबमें सवाल है कि जस्टिस वर्मा के आवास परिसर में नोट कहां से आए, किनके हैं, नोट जस्टिस वर्मा के नहीं हैं, तो उनके घर कैसे पहुंचे, किसने पहुंचाए, क्या एक जज के आवास पर कड़ी सुरक्षा के पहरे में किसी शख्स के लिए नोट पहुंचाना संभव है? किसी ने साजिश की है, तो भला उन्होंने ऐसा क्या किया कि उनके खिलाफ किसी ने साजिश की? फिलहाल तो उनके आवास परिसर में अधजले नोट मिले हैं, तो उनकी जवाबदारी है। यूं तो अभी कमिटी की जांच के परिणाम का इंतजार है, लेकिन इस पूरी घटना में हमारे न्याय तंत्र के उच्च स्तर पर व्याप्त कदाचार की बू आ रही है। भारतीय जनमानस में एक मान्यता है कि नेता, अफसर भ्रष्ट हो सकते हैं, लेकिन हमारे माननीय जज भ्रष्ट नहीं हो सकते। भ्रष्टाचार केवल आर्थिक ही नहीं है, बल्कि नैतिक भ्रष्टाचार भी राजकीय तंत्र को खोखला कर रहा है। यह पहली बार नहीं है, जब एक जज सवालों के घेरे में हैं, अनेक ऐसे मौके आए हैं, जिसमें न्यायपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। फिर भी जन मानस को यदि इंसाफ की एक उम्मीद है तो वह न्यायपालिका से ही है। आज न्यायपालिका के सामने इस उम्मीद को जिंदा रखने की चुनौती है।

चीनी मिल केस कनेक्शन

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से कथित नकदी बरामदगी ने उनके पिछले वित्तीय लेन-देन, विशेष रूप से 2018 सिंभावली चीनी मिल धोखाधड़ी मामले से उनके संबंधों की जांच को फिर से जिंदा कर दिया है। तब वर्मा को 97 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बनाया गया था। 14 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट के जज के आवास के एक स्टोर रूम में आग लगी थी, जहां पर कथित तौर पर उनके आवास परिसर से बड़ी मात्रा में अधजले नोट मिले थे। अभी यशवंत वर्मा के ख़िलाफ़ 'इन-हाउस' जांच प्रक्रिया जारी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने प्रस्ताव दिया है कि जस्टिस वर्मा को दिल्ली से हटाकर वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया जाए। हालांकि, इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने फैसले पर आपत्ति जताई है, इसके बाद भी उन्हें इलाहाबाद भेजा गया है।

इससे पहले भी कई मामले

10 अगस्त 2023 को ईडी ने हरियाणा के विशेष सीबीआई न्यायाधीश, सुधीर परमार को गिरफ़्तार किया, जिन्हें पहले अनुकूल फैसले के बदले में 5 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा पर आरोप लगे कि वे केवल अपनी पसंद के न्यायाधीशों पर ही ज़ोर देते हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीश, आई.एम. कुद्दुसी पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को रिश्वत देने की साज़िश रचने का आरोप था, जिस मामले की सुनवाई खुद जस्टिस दीपक मिश्रा ने की थी। कुद्दुसी को सितंबर में कथित न्यायिक रिश्वतखोरी गिरोह में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शमित मुखर्जी की वर्ष 2003 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गई गिरफ्तारी, जो कानूनी इतिहास में इस तरह की पहली गिरफ्तारी है, ने न्यायिक नैतिकता पर बहस छेड़ दी थी। वर्ष 1993 में जस्टिस रामास्वामी को 14 में से 11 आरोपों में दोषी पाया गया था। जज निर्मल यादव का 'कैश एट होम कांड' सभी को मालूम है। 29 मार्च को चंडीगढ़ के सीबीआई न्यायाधीश ने जज निर्मल यादव को दोष मुक्त किया है।

चीफ जस्टिस से मार्मिक अपील

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, इस वर्ष मई में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनसे निवेदन है कि वे एक जूडिशल ऑर्डर पास कर दें कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के दोषी न्यायाधीशों के साथ सामान्य नागरिक के समान कानूनी कार्रवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया का ध्येय वाक्य में न्याय की जीत का विवरण है। सुप्रीम कोर्ट के चिन्ह (लोगो) में अशोक चक्र बना हुआ है, जिसके नीचे संस्कृत का श्लोक लिखा हुआ है - 'यतो धर्मस्ततो जयः' संस्कृत के इस श्लोक का अर्थ है 'जहां धर्म है, वहां जय (जीत) है'। क्या देश में न्याय की जीत हो रही है? क्या आमजन अपनी अदालतों से इंसाफ की उम्मीद रख पा रहे हैं? क्या इंसाफ के सौदे नहीं हो रहे हैं? क्या हमारी न्याय व्यवस्था खर्चीली नहीं होती जा रही है? क्या यह क्षेत्र अत्यधिक अव्यवस्थित नहीं है? क्या न्याय व्यवस्था साधारण आदमी को न्याय दे पा रही है? न्याय सिस्टम इतना पेचीदा है कि मुकदमेबाजी में अनेक घर बर्बाद हो जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तीर्थ सिंह ठाकुर ने राज्यों के उच्च न्यायालयों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कानून मंत्री की मौजदूगी में एक बार अपने मन की व्यथा व्यक्त करते हुए रोकर कहा था कि हम, 'जनता को न्याय नहीं दे पा रहे हैं'। उन्होंने न्यायपालिका में अधूरे रिक्त पदों पर भराई ना होने पर दुःख जताया था। न्याय तंत्र में जजों की करीब 60 फीसदी की कमी है। उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में नियुक्तियों को पारदर्शी बनाने की जरूरत है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम की आवश्यकता महसूस हो रही है। कॉलेजियम को लेकर सरकार के साथ टकराव है।

न्याय प्रणाली में अब तक सुधार के प्रयास

ई-कोर्ट परियोजना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई, टेली-लॉ कार्यक्रम, न्यायिक बुनियादी ढांचे में सुधार, न्यायिक सुधारों पर कार्य अनुसंधान और अध्ययन, फास्ट ट्रैक कोर्ट, न्यायबंधु प्लेटफॉर्म और उमंग ऐप, प्रौद्योगिकी का उपयोग, न्याय प्रतिपादन और विधिक सुधार के लिए राष्ट्रीय मिशन, सरकार ने मध्यस्थता, पंचनिर्णय और लोक अदालतों जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्रों को मज़बूत किया है। वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम, 2015 वाणिज्यिक विवादों में पूर्व-संस्थागत मध्यस्थता को अनिवार्य बनाता है, जिससे समाधान की गति बढ़ जाती है। मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2015 ने मध्यस्थता के माध्यम से विवादों को सुलझाने के लिए समयसीमा शुरू की है। मध्यस्थता अधिनियम, 2023 सिविल और वाणिज्यिक विवादों में मध्यस्थता की सुविधा प्रदान करता है। लोक अदालतों से लंबित मामलों को कम करने में मदद मिली है। लंबित मामलों को कम करने तथा न्याय प्रदान करने में तेज़ी लाने के लिए कई कानूनों में संशोधन किया गया है। इनमें वाणिज्यिक न्यायालय (संशोधन) अधिनियम 2018, मध्यस्थता व सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 तथा आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2018 शामिल हैं।

न्याय देने में चुनौतियां

न्याय तक पहुंच में असमानता, इंसाफ की प्रक्रिया जटिल, डिजिटल तकनीक का अभाव, लंबित मामलों की संख्या, न्यायिक रिक्तियां, इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, न्यायिक जवाबदेही का अभाव, न्याय तक पहुंच में बाधाएं, प्रतिनिधित्व और विविधता का अभाव, विशेषकर लिंग, जाति और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के संदर्भ में आदि। न्यायिक सुधारों में एक महत्वपूर्ण बाधा न्यायपालिका और न्यायालय के कर्मचारियों दोनों की ओर से नई प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं को अपनाने का प्रतिरोध है। व्यवस्था के भीतर कई लोग पारंपरिक तरीकों के अभ्यस्त हैं, जो सुधारों को अपनाने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है। पर्याप्त धन की कमी न्यायिक सुधारों के कार्यान्वयन में एक बड़ी बाधा है। इससे डिजिटल बुनियादी ढांचे को अपनाने, नई सुविधाओं के निर्माण व न्यायिक प्रणाली के समग्र आधुनिकीकरण पर असर पड़ता है।

आगे की जरूरतें

न्यायपालिका की स्वतंत्रता बढ़ाना, न्याय प्रणाली की निष्पक्षता में सुधार करना, न्याय की गति बढ़ाना, न्यायिक अवसंरचना विकास करना, न्यायिक रिक्तियों को भरना। न्यायिक सुधारों के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका के बीच सहयोग की आवश्यकता है। इन शाखाओं के बीच समन्वय की कमी एवं निर्णय लेने में देरी से सुधार प्रक्रिया में बाधा आती है। इसलिए कार्यपालिका और विधायिका के साथ समन्वय की आवश्यकता है। डिजिटलीकरण, ऑनलाइन केस फाइलिंग और एआई-सहायता प्राप्त केस प्रबंधन के लिए ई-कोर्ट परियोजना का विस्तार करना चाहिए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को मज़बूत करने, सचल विधिक क्लीनिकों का विस्तार करने तथा हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए टेली-लॉ जैसी पहल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करने और कानूनी जागरूकता के लिए लाइव स्ट्रीमिंग, क्षेत्रीय भाषा में निर्णय, शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से सार्वजनिक सहभागिता को संवर्द्धित किया जा सकता है। समय आ गया है कि न्यायपालिका को आत्म चिंतन का उद्घोष होना चाहिए।

न्यायपालिका में पारदर्शिता पर उठते सवाल

दो टूक

रवि शंकर

वरिष्ठ स्तंभकार

भारत में 75 साल के इतिहास में कई ऐसे मौके आए हैं जब न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर नोटों में आग लगने की घटना ने एक बार फिर इस मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया।

इससे न्यायपालिका की साख को भी गहरा झटका लगा है। शायद यही वजह है कि पहली बार देश के प्रधान न्यायाधीश ने इस मामले से संबंधित प्रारंभिक रिपोर्ट और जले हुए नोटों के वीडियो सार्वजनिक किए। यह भी अच्छी बात है कि इस मामले की जांच के लिए तीन हाई कोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों की समिति बिना देर किए बनाई गई है। भारतीय न्यायपालिका लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करती है। लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों ने इसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए हैं। भारत में जहां न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सर्वोच्च माना गया है, वहीं पारदर्शिता की कमी कई बार संदेह और आलोचना का विषय बनती रही है।

पहले भी कई मामले सामने आए

इस मामले का महत्व इसलिए बहुत ज्यादा है क्योंकि ऐसे समय में जब लोगों का अन्य सरकारी संस्थाओं से विश्वास उठ गया है, तब न्यायपालिका को बिल्कुल साफ-सुथरा दिखने की जरूरत है। पिछले कुछ दशकों में, न्यायपालिका से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज सौमित्र सेन ने संसद में उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया के दौरान ही इस्तीफा दे दिया था। उन पर धन के दुरुपयोग का आरोप था। दिल्ली हाई कोर्ट के जज शामित मुखर्जी ने रिश्वत लेने के आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया था। सिक्किम हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस पी.डी. दिनाकरण ने भी भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस्तीफा दे दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट जस्टिस वर्मा के आवास पर नकदी की जांच कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट को इस 17 साल पुराने मामले को ध्यान में रखना चाहिए। जस्टिस वर्मा केस ने इन पुराने घावों को फिर से कुरेद दिया है।

सरकार-जनता की भूमिका नहीं

साफ है, न्यायपालिका में जवाबदेही की कमी और पारदर्शिता का अभाव इन समस्याओं को बढ़ावा देता है। वर्तमान में भारत में न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम प्रणाली के तहत होती है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश ही नए न्यायाधीशों का चयन करते हैं। इसमें सरकार व जनता की कोई भूमिका नहीं होती, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठते हैं। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक करार दिया, जिससे सुधार की संभावनाओं पर विराम लग गया। न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाए जाने की बहस आज भी जारी है। नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड के अनुसार 26 मार्च तक देश की अदालतों में चार करोड़ 54 लाख से ज्यादा मुकदमे विचाराधीन पड़े थे। इनमें 46.43 लाख से ज्यादा केस 10

साल से ज्यादा पुराने हैं। यह मान लें कि औसतन एक मुकदमे में कम से कम दो या तीन व्यक्ति पक्षकार होते हैं तो देश में करीब 10 से 15 करोड़ लोग मुकदमेबाजी के शिकार हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते पांच साल के दौरान अदालतों में भ्रष्टाचार की 1631 शिकायतें दर्ज की गई हैं। शायद इस प्रकरण के निष्कर्ष भी बहुत जल्दी सार्वजनिक न किए जाएं, क्योंकि एक न्यायाधीश के खिलाफ किसी भी तरह की कानूनी, आपराधिक प्रक्रिया बेहद जटिल और लंबी है। बेशक संविधान के अनुच्छेद 124 (4 और 5) में प्रावधान हैं, जिनके तहत न्यायाधीशों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन यह भी इतना सपाट और आसान नहीं है। महाभियोग के जरिए सर्वोच्च और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाया जा सकता है, लेकिन संसद में आज तक महाभियोग का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका है। बहरहाल, यदि अब तीन न्यायाधीशों की जांच में जस्टिस यशवंत वर्मा पर आरोप साबित भी हो जाते हैं, तो वह रपट केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेजी जाएगी। मंत्रालय उस रपट को राष्ट्रपति को प्रेषित करेगा। सिफारिश स्वीकार होने पर राष्ट्रपति महाभियोग के लिए संसद को भेजेगा। संसद में महाभियोग प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित हो जाता है, तभी जज को हटाया जा सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति आज तक नहीं आई। हाई कोर्ट जज एक संवैधानिक पद है। महाभियोग के अलावा उच्च न्यायालय के जज के ख़िलाफ़ 'प्रिवेंशन ऑफ़ करप्शन एक्ट' के तहत कार्रवाई हो सकती है। पर, पुलिस ख़ुद से किसी जज के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज नहीं कर सकती। राष्ट्रपति को चीफ़ जस्टिस की सलाह लेनी होगी और उसके बाद तय करना होगा कि एफआईआर दर्ज हो सकती है या नहीं। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर इन-हाउस जांच से अलग है। लेकिन अतीत में ऐसे मामले सामने आए हैं जहां जजों को आरोपों के बाद ट्रांसफर कर दिया गया था, लेकिन उन्हें कभी भी दोषमुक्त नहीं किया गया। इससे न्यायपालिका की छवि खराब होती है। सुप्रीम कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जस्टिस वर्मा के मामले में निष्पक्ष जांच हो और सच्चाई सामने आए। सुप्रीम कोर्ट को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लोगों का न्यायपालिका पर बहुत अधिक विश्वास है। अगर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार होता है, तो इससे लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा। न्यायपालिका जिन चुनौतियों से जूझ रही है, उनके मद्देनजर जस्टिस वेंकटचलैय्या की सिफारिशों को लागू करने का यह सही समय हो सकता है, जिससे नियुक्ति में पारदर्शिता, न्यायिक जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित हो सकेगा। इसके लिए राष्ट्रीय न्यायिक आयोग जैसी संस्था का गठन होनाा चाहिए, जिसमें न्यायपालिका के साथ-साथ कार्यपालिका और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी हो।

'न्यायिक परिषद' का गठन हो

न्यायाधीशों के आचरण की निगरानी के लिए 'न्यायिक परिषद' की स्थापना की जानी चाहिए। न्यायाधीशों को अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देना अनिवार्य तो किया ही जाना चाहिए, इसके साथ, एक स्वतंत्र 'न्यायिक लोकपाल' की नियुक्ति भी होनी चाहिए, जो न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच कर सके। न्यायिक नियुक्तियों और न्यायाधीशों के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा होनी चाहिए। न्यायालयों में तकनीकी सुधार करने और ई-कोर्ट की स्थापना भी की जानी चाहिए, ताकि मुकदमों का निपटारा तेजी से हो सके। स्पष्ट है, न्याय में देरी, नियुक्ति प्रक्रिया की गोपनीयता और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस सुधार जरूरी हैं। न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए इसे अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। यही लोकतंत्र की असली गारंटी है।

धीमी रफ्तार से न्याय-व्यवस्था बीमार

न्यायपालिका

डॉ. सुनील कुमार मिश्र

एसोसिएट प्रोफेसर, वीआईपीएस, नई दिल्ली

किसी भी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को जिंदा रखने में उस देश की न्यायपालिका महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। न्यायपालिका का सुदृढ़ होना न सिर्फ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है अपितु देश को किसी भी अराजक स्थिति से बचाने में यह रक्षा कवच के रूप में कार्य करती है। सशक्त से अशक्त को न्याय दिलाने वाली न्यायपालिका का स्थान लोकतंत्र में काफी ऊंचा है, परन्तु न्याय की उम्मीद लिए आम जनमानस की इस अंतिम शरणस्थली में मिलने वाली प्रत्येक अगली तारीख पीड़ित की वेदना को बढ़ाने का कार्य करती है, और समय बीतने के साथ यह वेदना पीड़ित के न्यायपालिका में विश्वास का ह्रास करती जाती है। तारीख पर तारीख झेलने वाले अनगिनत मुकदमों में फैसला तब आता है जब उस फैसले का कोई औचित्य नहीं रह जाता क्योंकि इस दौरान पीड़ित व्यक्ति सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक दुर्दशा की उस पीड़ा को झेलने को विवश होता है जो न्याय मिलने के बाद भी समाप्त नहीं होती है। न्याय के लिए साक्ष्य आवश्यक हैं, साक्ष्य के अभाव में न्यायालय से अनगिनत आरोपी सजा से बच निकलते हैं।

सुधार की आवश्यकता

ऐसे में न्याय व्यवस्था पर प्रश्न खड़े करने से पहले हमें सामाजिक व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा करना चाहिए क्योंकि सामाजिक महिमामंडन एवं राजनीतिक संरक्षण रूपी कवच कई अवसरों पर आरोपी और साक्ष्य के बीच दूरी पैदा कर देता है जिससे न्याय प्रक्रिया भी लंबित हो जाती है। गम्भीर बीमारी बताकर जमानत प्राप्त करने वाला कोई धनाढ्य व्यक्ति अगले ही दिन जब कोई सार्वजनिक सभा में सम्मिलित हुआ दिखलाई देता है तो हमारी न्याय व्यवस्था हंसी के पात्र के रूप में दिखती है। वर्तमान में अदालतों को त्वरित रूप से कार्य सम्पादित करने के लिए कुछ सुधार की आवश्यकता है। कुछ सुधार संसाधन से जुड़े हैं तो कुछ इच्छा शक्ति पर निर्भर करते हैं, कुछ कार्य प्रबंधन से तो कुछ उपलब्ध कानून में बदलाव की मांग करते हैं। आज अदालतों के समक्ष कार्यभार प्रबंधन जैसी बड़ी चुनौती स्पष्ट रूप से दिखलाई देती है क्योंकि देश में बढ़ते अपराध एवं अदालतों की आधारभूत संरचना में काफी अंतर है। निचली अदालतों से लेकर सुप्रीमकोर्ट में लंबित केसों की संख्या में बढ़ोत्तरी कानून व्यवस्था के समक्ष मुश्किलें पैदा कर रही हैं। देश में साढ़े चार करोड़ से अधिक केस लंबित हैं, उनमें जजों की संख्या एवं आधारभूत संरचना न्याय प्रक्रिया की गति को बाधित करती हैं।

उपलब्ध संसाधनों में कमी

निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट आने वाले मामलों का निपटारा समय से कर सके, इसके लिए अदालतों में मानव संसाधन बढ़ाने के साथ ही तकनीकी क्षमता भी बढ़ानी होगी जिससे न्याय प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सके। देश के 25 उच्च न्यायालयों में भी लंबित केस की संख्या काफी है जबकि उपलब्ध संसाधन में कमी दिखती है। विगत एक दशक में अदालतों में

आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ी है एवं आधारभूत संरचना में भी सुधार हुआ है परन्तु अभी भी 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश के लिए यह कम है। ऐसे में सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि अदालतों में आवश्यक मानव संसाधन एवं तकनीकी संसाधन की आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करे जिससे अदालतें अपना कार्य सुचारू रूप से सम्पादित कर सकें। वीडियो कांफ्रेंसिंग से होने वाली सुनवाई प्रक्रिया भी दूर-दराज के क्षेत्र से जुड़े मामलों को गति प्रदान कर सकती है जिसके लिए सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आवश्यक हो जाती है।

सामाजिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए न्याय व्यस्था का सुदृढ़ एवं सशक्त होना भी आवश्यक है। ऐसे में सरकार द्वारा किए गए संविधान संशोधन न्यायपालिका को और अधिक शक्ति प्रदान करें जिससे बदलते सामाजिक परिवेश में अदालतें न्याय सम्मत फैसला कर सकें। संसद एवं न्यायपालिका की दिशा का एक होना देशहित में है जबकि किसी प्रकार का मतभेद लोकतंत्र को कमजोर कर सकता है। इंदिरा गांधी के समय में जब सरकार ने संविधान का 24वां संशोधन किया था, तब संसद एवं न्यायपालिका के बीच टकराव की स्थिति देखी गई थी। इसके कुछ समय बाद ही केशवानंद भारती केस में एसएम सीकरी की अगुआई में 13 सदस्यीय बेंच ने अपने फैसले में कहा था कि सरकारें संविधान से ऊपर नहीं हैं, सरकार कानून में कोई बदलाव करती है तो अदालत को सरकार के उस फैसले की न्यायिक समीक्षा का अधिकार है। निश्चित रूप से न्यायसंगत कोई भी निर्णय स्वीकार्य होना चाहिए, एवं लोकतंत्र के सभी स्तम्भ सहगामी होने चाहिए जिससे राष्ट्र को और अधिक सशक्त किया जा सके। आज हम सामाजिक सुधारों की बात तो करते हैं परन्तु बात जब न्यायिक सुधार की होती है तो कभी-कभी न्यायपालिका का मौन कचोटता भी है क्योंकि सामाजिक सुधारों का रास्ता न्यायपालिका की पवित्र चौखट से होकर ही जाता है। सरकार सामाजिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठा रही है, यह प्रयास तभी फलीभूत होंगे जब कार्यपालिका एवं विधायिका के साथ ही न्यायपालिका में भी पारदर्शी व्यवस्था हो। राष्ट्रीय न्यायिक आयोग विधेयक 2014 इस दिशा में सरकार द्वारा बढ़ाया गया एक कदम था। जस्टिस वर्मा से जुड़े ताजा प्रकरण ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए शुरू हुई कालेजियम प्रणाली पर एक बार फिर से समाज में बहस छेड़ दी है, जिसे समाप्त करना प्रधान न्यायाधीश के अतिरिक्त उन 4 न्यायाधीशों के विवेक पर निर्भर करता है जो वर्तमान कालेजियम का हिस्सा हैं।

मूल्यपरक आचरण की अपेक्षा

न्याय के सिंहासन पर बैठे न्यायाधीश से मूल्यपरक आचरण की अपेक्षा की जाती है, जो न सिर्फ न्याय व्यवस्था के प्रति सम्मान का स्तर निर्धारित करती है अपितु इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। निचली अदालत हो या फिर उच्च न्यायालय, न्यायधीशों द्वारा की गई कोई भी टिप्पणी न्यायपालिका के आदर्शों को स्थापित करने वाली होनी चाहिए। विगत दिनों सुप्रीमकोर्ट ने इलाहबाद हाईकोर्ट द्वारा दुष्कर्म से जुड़े एक फैसले पर की गई टिप्पणी को न सिर्फ असंवेदनशील बताया अपितु इस प्रकार की टिप्पणी को कानूनी रूप से अव्यावहारिक भी कहा। दो वर्ष पहले कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा यौन हिंसा से जुड़े एक मामले पर की गयी टिप्पणी को भी सुप्रीमकोर्ट ने बेहद गैरजरूरी बताया था। निश्चित रूप से न्याय की उम्मीद में न्यायालय में बैठी पीड़िता पर जब ऐसी टिप्पणी की जाती है तो इससे न सिर्फ पीड़िता के जख्म हरे हो जाते हैं अपितु अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का मनोबल भी बढ़ता है, जो न तो न्याय व्यवस्था के लिए ठीक है न ही सामाजिक व्यवस्था के लिए।

जल्द मिलेगी न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी चिकित्सकों की सेवायें : पुकार

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चूरू व नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के तत्वाधान में सेमिनार का हुआ आयोजन

हमारा समाचार

चूरू। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चूरू व नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार शाम को होटल ग्रांड शेखावाटी में जिले के चिकित्सकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज चूरू के प्राचार्य डॉ. महेश मोहन पुकार ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रतापगढ़ की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी, राजकीय भरतिया अस्पताल के नवनियुक्त अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी व निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. बी.एल. नायक थे। प्राचार्य डॉ. पुकार ने बताया कि चूरू मेडिकल कॉलेज में न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विभाग स्वीकृत हो चुके हैं, इन सभी सुपर स्पेशलिटी की सेवाएं जल्द मेडिकल कॉलेज में मिलने लगेगी, इसके साथ ही भविष्य में कार्डियोलॉजी की कैथ लैब की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डीबी अस्पताल चिकित्सक मरीजों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं दे रहे हैं, जिसके कारण रेफरल कैश में कमी आई है। प्रतापगढ़ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी ने चिकित्सकों के मेडिको लीगल विषय पर विस्तृत

जानकारी दी। इस अवसर पर नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन भाकल ने एंडोस्कोपिक, न्यूरोसर्जरी व पल्मनोलॉजिस्ट डॉ. शुभम शर्मा ने फेफड़ों से संबंधित गंभीर मरीजों के उपचार के संबंधित जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.एल. श्यामसुखा, डॉ. बी.के.चौधरी, डॉ. मुमताज, डॉ. गोगाराम दानोदिया, डॉ. एफ.एच.गौरी, डॉ. सुशीला नेहरा, डॉ. शंकर सिंह गौड़, डॉ. प्रमोद अग्रवाल, डॉ. जे.पी. माहीच, डॉ. रेणू अग्रवाल, डॉ. शशिधर, डॉ. बजरंग शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र भड़िया, डॉ. आकांक्षा कस्वाँ, डॉ. सुमन भड़िया, डॉ. विकास देवड़ा, डॉ. संदीप कुल्हरी, डॉ. प्रदीप कस्वां, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. जितेन्द्र, डॉ. विजेन्द्र गहनोलिया, डॉ. आशीष, प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन चूरू के अध्यक्ष डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. सीताराम गोदारा, डॉ. पवन गोयल, डॉ. ऋषभ चौधरी, डॉ. गरिमा चौधरी, डॉ. सारिका अग्रवाल, डॉ. वर्षा देवड़ा, डॉ. नवीन गौड़, डॉ. रामनिवास ढूकिया, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. सुदर्शन आर्य, डॉ. अभिषेक आर्य, डॉ. मोनिका आर्य, डॉ. ऊषा कस्वां सहित अनेक चिकित्सक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन आईएमए सचिव डॉ. अरुण वर्मा ने किया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने नवनियुक्त प्राचार्य व मेडिकल अधीक्षक, प्रतापगढ़ की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व नारायणा हॉस्पिटल के चिकित्सकों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. राहुल कस्वाँ, कोषाध्यक्ष डॉ. साजिद चौहान ने नव आगंतुक सदस्य डॉ. राजेन्द्र रॉयल, डॉ. प्रशान्त, डॉ. मोहिता गौड़ व डॉ. हेमाश्री माहिच का प्रतिक-चिन्ह प्रदान कर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

सीएलसी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

नए सत्र के लिए अभिभावकों में उत्साह

हमारा समाचार

सीकर। सीएलसी द्वारा संचालित प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूल सीआईएस में एनुअल रिजल्ट डे के अवसर पर सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह देखने को मिला। सीआईएस निदेशक समर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईएस ने पिछले वर्ष उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य किया है, जिसका परिणाम विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के रूप में सामने आया। उन्होंने कहा कि स्कूल का ध्येय सुशिक्षा, संस्कार और सफलता के सिद्धांतों को मजबूत करना है, ताकि विद्यार्थी न केवल एकेडमिक रूप से बल्कि नैतिक और सामाजिक दृष्टि से भी मजबूत बनें। सीआईएस में कक्षा 10 के बाद साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज संकाय के विभिन्न विषयों की उपलब्धता है। साथ ही, विद्यार्थियों को उनके करियर के अनुसार सीयूईट, यूपीएससी और विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी में भी मार्गदर्शन दिया जाता है। स्कूल का फोकस विद्यार्थियों को संस्कृति और संस्कार से जोड़ते हुए सफलता की ओर अग्रसर करना है। सीआईएस में नए सत्र 2025-26 की शुरूआत 3 अप्रैल से होगी। विद्यालय में प्रवेश को लेकर छात्रों और अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सीआईएस प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विप्र महिला मंडल ने मनाया गणगौर पर्व

हमारा समाचार

चूरू। विप्र महिला मंडल की ओर से रविवार को चमत्कारेश्वर लक्ष्मी नारायण मंदिर में गणगौर पर्व, राजस्थान दिवस व नव संवत्सर पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर गणगौर का पूजन किया और गणगौर के मंगल गीत गाए। इस दौरान नीम की हरी पत्ती और तिलक कलावा बांधकर सभी को शुभकामनाएं दी तथा नव वर्ष में अंचल में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पारीक, कोषाध्यक्ष सरला शर्मा, विनीता, सुषमा, मंजू, उषा दयाल, आनंदबाला, उषा चोटिया, अचला शर्मा, दीपिका, अर्चना मिश्रा, सरस्वती लाटा, शशी शर्मा, चंदा बंसिया सहित विप्र महिला मंडल की अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

नव संवत्सर पर तिलकार्चन कर दी गई शुभकामना

हमारा समाचार

झुंझुनूं। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय झुंझुनूं द्वारा नववर्ष प्रतिपदा हर्षोल्लास रोडवेज डिपो के पास मनाया गया। इस कार्यक्रम में सभी आगंतुकों का तिलक लगाकर एवं प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया एवं नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। पूरे देश मे सुख शांति की कामना की। भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर झुंझुनूं कलेक्ट्रेट के सामने कार्यकताओं द्वारा रंगोली और दीप प्रज्वलन किया गया।

अंबेडकर की जयंती पर रैली समारोह को लेकर ग्रामीणों में जोश और उत्साह

हमारा समाचार

बगड़। महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 11 अप्रेल को एक विशाल फुले अंबेडकर वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली सर्व समाज एवं माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं द्वारा आयोजित की जाएगी। जो सुबह 8 बजे से शुरू होगी। माली सैनी समाज संस्था के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने माखर पंचायत के अशोक नगर का दौरा किया और इस दौरान रैली के पोस्टर का विमोचन किया। शास्त्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि

महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब अंबेडकर ने 19वीं सदी में दलितों, निराश्रितों और महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया था। उनके योगदान को याद करने और उनके आदर्शों को साकार करने के लिए यह रैली आयोजित की जा रही है, जो उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पूर्व वार्ड पंच राजेंद्रप्रसाद सैनी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शिवकरण सैनी, मक्खनलाल सैनी, नरेश सैनी, अभिषेक सैनी, विशाल सैनी, मनदीप सैनी, कर्ण सैनी, महेश सैनी, श्यामलाल सैनी, प्रभुदयाल सैनी, पूर्व पंच सुंदरलाल सैनी, वयोवृद्ध महावीरप्रसाद सैनी, मनोज सैनी, पवन सैनी, पिंटू सैनी, नागरमल सैनी सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। रतनशहर में भी पोस्टर का विमोचन माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं की महिला विंग की जिलाध्यक्ष बबली सैनी के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान पूर्व वार्ड पंच प्रताप राम सैनी, ओंकारमल सैनी, महेंद्र सैनी, विनोद सैनी, नितेश सैनी, गुड्डू शर्मा, सजनी देवी, वर्षा देवी, मीडिया प्रभारी नरेश बगड़, कुरड़ाराम शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। माखर ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम अशोक नगर और रतनशहर में रैली उत्सव को लेकर गांववासियों में जबरदस्त जोश और उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने रैली को सफल बनाने के लिए अपनी पूर्ण सहभागिता और समर्थन देने का वादा किया है।

समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कर शिक्षा पर जोर दें : दहिया

जाट महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक में किया जिला इकाई का गठन

हमारा समाचार

चूरू। राजस्थान जाट महासभा की जिला इकाई का गठन व कार्यकारिणी की बैठक रविवार को वीर तेजा सामुदायिक भवन में जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राजस्थान जाट महासभा के उपाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने स्वागत भाषण देते हुए महासभा की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राधाकृष्ण दहिया ने कहा कि जाट जाति का इतिहास शानदार रहा है। हमारे पूर्वजों ने सभी वर्गों को साथ लेकर विदेशी आक्रांताओं से लड़ाईयां लड़ी और अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ आजादी की लड़ाई में

अपना सर्वस्व बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराईयों को मिटाकर शिक्षा पर बल देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां ने कहा कि हमें अपने समाज के साथ-साथ सर्व समाज के साथ भी समन्वय स्थापित करते हुए आगे बढना चाहिए। जाट महासभा के बीकानेर संभाग अध्यक्ष हरफूल सिंह भांभू ने बताया कि समाज के सभी लोगों को एक जाजम पर बैठकर सामाजिक समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां ने कहा कि लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडन करना बहुत ही निंदनीय है। जाट महासभा कार्यकारिणी इस कार्य के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करती है।

शारीरिक विकास के लिए खेल अत्यधिक जरूरी: विधायक सहारण

राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित हुई रन फॉर फिट राजस्थान

हमारा समाचार

चूरू। राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में रविवार को जिला मुख्यालय पर रन फॉर फिट राजस्थान आयोजित की गई। विधायक हरलाल सहारण व एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने जिला खेल स्टेडियम से रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन जिला खेल स्टेडियम से रवाना होकर नेचर पार्क पहुंची। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सम्पूर्ण शारीरिक विकास के लिए खेल अत्यधिक जरूरी है। खेल और शारीरिक गतिविधियों से ही हम फिट इंडिया व फिट राजस्थान की थीम को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए हैं।

खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों से खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व सुविधाएं मिल रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा राजस्थान दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन एक सराहनीय पहल है। हमें अपने को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जोड़कर फिट इंडिया-फिट राजस्थान की थीम को साकार करना है। इस दौरान जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, डॉ. सुनील मेहरा, डॉ. विष्वजीत, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, गोपाल बालाण, सुनील ढ़ाका, हरीश, रामस्वरूप फगेड़िया, ओमप्रकाश फगेड़िया, सुरेंद्र प्रजापत, राजेश ओझा, मनीष राठौड़, सुनील रक्षक, संदीप मील, नानूराम सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिशुपाल बुडानिया ने किया।

न्यू विश्वकर्मा मोटर्स का हुआ भव्य शुभारम्भ

हमारा समाचार

सीकर। न्यू विश्वकर्मा मोटर्स का भव्य शुभारम्भ रविवार को एनएच 52 जयपुर रोड़, आर आर होटल के पास मिलन होटल भैरूंजी मोड़, रिंगस में किया गया। संचालक रामनिवास बिजारणिया, नेमीचंद जांगिड़, बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि न्यू विश्वकर्मा मोटर्स के भव्य शुभारम्भ रविवार को किया गया। उन्होंने बताया कि न्यू विश्वकर्मा मोटर्स में डेंटिंग, पेटिंग, मैकेनिक, संबंधित कार्य किए जायेंगे वहीं न्यू विश्वकर्मा मोटर्स में कैशलेस की सुविधा भी होंगी।कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं स्वास्थ्य शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की पत्नी शांति देवी, पुत्र दुगार्राम खर्रा,

उदयपुरवाटी पूर्व विधायक शिवकरण चौधरी, भाई महावीर सिंह खर्रा, रिंगस नगर पालिका चैयरमेन हरि सिंह निठारवाल, अजीतगढ़ प्रधान शंकर सिंह यादव, रामपाल सिंह बिजारणियां, दीपाराम बिजारणियां, लापुआ सरपंच, भगवान सिंह बिजारणियां, प्रभु सिंह बिजारणियां, ओम सिंह बिजारणियां, सोहन सिंह निठारवाल, दुलीचंद धायल, धुडा राम बाजिया, डॉ. ताराचंद बिजारणियां, राजेश बिजारणियां, सीताराम बिजारणियां, श्रीमाधोपुर कीया कार शोरूम के मैनेजमेंट डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह राकेश बिजारणियां बाबूलाल निठारवाल, भारणी सरपंच पूर्ण सिंह, विश्वकर्मा होटल संचालक चौथमल जांगिड़, भगवान सहाय जांगिड़, पिंटू जांगिड़, रामनिवास जांगिड़, एमपी स्टूडियो मनोज जांगिड़ सहित जनप्रतिनिधिगण, रिश्तेदार, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

लॉयंस क्लब झुंझुनू के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड़ बने

हमारा समाचार

झुंझुनूं। बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस मातृ शिशु अस्पताल में रविवार को लॉयंस क्लब झुंझुनूं की सभा क्लब अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता ने गत सभा की कार्यवाही पढकर सुनाई। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार की गई। लॉयंस क्लब झुंझुनूं की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025-26 जिसका कार्यकाल एक जुलाई 2025 से प्रारंभ होगा की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। सभा में अनेक क्लब सदस्यों ने अपनी भागीदारी दर्ज करवाकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया। एक जुलाई 2025 से बनने जा रहे नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव ने अपने

उद्बोधन में कहा कि वे पूर्व क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन स्व. डॉ. जेसी जैन एवं वर्तमान क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन सत्यनारायण शर्मा के बनाए आदर्शों पर चलते हुए क्लब के सभी सदस्यों को टीम भावना के साथ लेकर लॉयंस क्लब झुंझुनूं को सेवा कार्यो में और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने क्लब द्वारा उनमें व्यक्त किए गए विश्वास के लिए भी सभी लॉयन साथियों का आभार प्रकट किया।

राजस्थान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम हुए फ्लॉप!

जलाभिषेक में पहुंचे महज चार अधिकारी, तो रन फॉर राजस्थान में भी नहीं जुड़ पाया आमजन

हमारा समाचार

झुंझुनूं। पूरे प्रदेश में रविवार को राजस्थान दिवस मनाया गया। पूरी सरकार राजस्थान दिवस सप्ताह के साथ–साथ रविवार के दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए दिन–रात लगी हुई थी। लेकिन झुंझुनूं जिले में राजस्थान दिवस के दिन सुबह सुबह हुए पहले ही दो कार्यक्रम फ्लॉप हो गए। सुबह रन फॉर राजस्थान का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन नहीं जुड़ पाया। स्टेडियम में हर दिन तैयारी करने आने वाले युवाओं को दौड़ाकर इतिश्री कर ली गई। ये युवा तो सिर्फ रोजाना अपने निर्धारित दौड़ के लिए आते थे। जिन्होंने रन फॉर राजस्थान में दौड़ लिया। लेकिन जब इसके बाद शहर के लावरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक का कार्यक्रम हुआ तो उसकी हालत को इससे भी बुरी थी। उसमें महज चार अधिकारी ही पहुंच पाए। जी, हां जिला स्तर पर करीब चार दर्जन से अधिक तो जिला स्तरीय अधिकारी ही पदस्थापित है। लेकिन पहुंचे तो सिर्फ पर्यटन विभाग के उप निदेशक देवेंद्र चौधरी, पीआरओ हिमांशु सिंह, समसा एपीसी कमलेश तेतरवाल तथा स्काउट सीओ महेश कालावत। इसके

अलावा ना तो कोई अधिकारी था और ना ही कोई आमजन। माना जा रहा है कि इन दोनों ही कार्यक्रमों की सूचना देने में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय फेल रहा। तो वहीं व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने में भी जिला प्रशासन से कहीं ना कहीं चूक हुई। बहरहाल, इस तरह की लापरवाही यदि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में बरती जा रही हो तो अन्य योजनाओं और कार्यक्रमों की स्थितियां अच्छी तरह से भांपी जा सकती है। प्रचार प्रसार में बरती गई लापरवाही को लेकर पीआरओ हिमांशु सिंह से भी प्रतिक्रिया के प्रयास किए गए। लेकिन उन्होंने अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

हर्ष पर्वत को ईको ट्यूरिज्म युनिट के रूप में विकसित कर इसका अधिकतम उपयोग किया जाये: प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री ने हर्ष पर्वत पर निर्मित संरचनाओं के कार्यों का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

हमारा समाचार

सीकर। वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री एवं सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने शनिवार को सायं जिले के हर्षनाथ भैरव मंदिर, जीणमाताजी, खाटूश्यामजी मंदिर में पूजा दर्शन कर देश–प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जिले के प्रभारी मंत्री शर्मा ने हर्ष पर्वत पर वन विभाग द्वारा निर्मित संरचनाओं के कार्यों का निरीक्षण कर सहायक वन संरक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि हर्ष पवर्त को ईको ट्यूरिज्म युनिट के रूप में विकसित कर उसका अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि ईको ट्यूरिज्म का प्लान बनाकर गेस्ट हाऊस में रूकने एवं खाने–पीने की सुविधा शुरू करवाई जाए। सहायक वन संरक्षक को निर्देशित किया गया कि वन विभाग पर्यटन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर हर्ष पर्वत पर्यटन स्थल का व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार कर सस्टेनेबल मॉडल के रूप में स्थापित करने के सक्रिय प्रयास किये जाए। इस दौरान उन्होंने हर्ष पर्वत पर भैरव मंदिर में पूजा अर्चना भी की।

जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा का जीण माता में महेन्द्र पारासर के नेतृत्व में जगदम्बा होटल में भव्य सम्मान स्वागत किया गया। वन,पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री एवं सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा ने जीणमाता मंदिर पहुंचकर जीणमाता मंदिर में पूजा–अर्चना की। मंदिर के प्रकाश पुजारी, आईश पूजारी ने प्रभारी मंत्री को विधिवत पूर्जा अर्चना करवाई। वहीं खाटूश्यामजी में पहुंचने पर श्री श्याम मंदिर में पूजा-दर्शन किए। इस दौरान खाटूश्यामजी व्यापार मंडल अध्यक्ष सोनू जोशी, वरुण माहेश्वरी, सोनू तुलछानी, श्री राम मावलिया ने भी प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान धोद विधायक गोर्वधन वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, हरिराम रणवा, कमल सिखवाल, विधानसभा अध्यक्ष के ओंएसडी प्रमोद शर्मा, दांतारामगढ़ प्रधान प्रतिनिधि प्रभुसिंह गोगावास, सीकर तहसीलदार ग्रामीण भीमसैन सैनी, गजानंद कुमावत, ओमप्रकाश बिजारणिया, सहायक वन संरक्षक सौरभ कुमार, रैंजर अमित देवन्दा, दांतारामगढ़ उपखण्ड अधिकारी मौनिका सामौर, दीपक पाराशर, हनुमान प्रसाद झाझड़ा, खाटूश्याम मंदिर कमेटी के प्रताप सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि साथ रहें।

नवम अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को करेंगे सम्मानित: यादव

हमारा समाचार

चूरू। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में जिले में 01 से 30 अप्रैल तक आयोजित किए जाने वाले विशेष अभियान खुशी-नवम को लेकर बैठक में पुलिस अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने कहा कि खुशी-नवम विशेष अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बच्चों की अधिक से अधिक दस्तयाबी कर गुमशुदगी के प्रकरणों में कमी लाना है। इसलिए अभियान से जुड़े समस्त स्टेक होल्डर्स अधिकतम प्रयासों से अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि गुमशुदा नाबालिग बच्चों की तलाश एवं पुनर्स्थापना के लिए सर्विलांस सिस्टम का अधिकतम उपयोग करें तथा टीम गठित कर कार्रवाई करें। दर्ज प्रकरणों में संसाधनों के उपयोग से हर संभव

जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न ईंट -भट्ठों, हाइवे, होटलों, रेस्टोरेंट, चाय की दुकानों, झुग्गी -झोंपड़ियों आदि में बालश्रम करने वाले बच्चों की स्क्रीनिंग करें तथा उन्हें शिक्षा से जोंड़ें। यह हमारा सामाजिक एवं नैतिक दायित्व भी बनता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान खुशी-नवम में गुमशुदा, भिक्षावृत्ति करने व करवाने वाले, बालश्रम करने वाले, बहरूपिया बनकर व गुमशुदा हुए कचरा बीनने वाले नाबालिग बालकों की तलाश कर पुनर्वास की व्यवस्था कर उनके माता-पिता से मिलवाया जाकर अभियान को सफल बनाएं। अभियान के दौरान अधिक से अधिक मामलों में कार्रवाई करें और निपटाए गए मामलों में क्लोजिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने एएसपी से नियमित मॉनीटरिंग कर रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ कृष्णा सामरिया ने कहा कि अभियान से संबंधित 06 प्रकरणों में दस्तयाबी के लिए सोशल मीडिया आदि का उपयोग लें। सर्विलांस सिस्टम का बेहतरीन उपयोग हो। उन्होंने अभियान अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों, एसओपी, वात्सल्य पोर्टल, सीडब्ल्यूसी की सहायता आदि के बारे में जानकारी दी।

बाडी हिंदू नव वर्ष के अवसर पर बाड़ी में निकली भव्य शोभायात्रा

भारतीय संस्कृति उत्थान समिति के तत्वाधान में हुआ आयोजन

हमारा समाचार

बाड़ी धौलपुर। भारतीय संस्कृति उत्थान समिति बाड़ी के तत्वाधान में हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के अवसर पर बाड़ी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के संयोजक विष्णु महेरे ने बताया कि भारतीय संस्कृति उत्थान समिति पिछले कई वर्षों से बाड़ी में निकलने वाली समस्त महापुरुषों की शोभायात्राओं एवं कार्यक्रमों का स्वागत सम्मान करती आई है समिति के अध्यक्ष शिव शंकर बिंदल ने बताया कि आज हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई संगठन के अनिल गोयल ने कहा कि भारतीय संस्कृति को युवाओं में आकर्षित करना, त्योहार मनाना हम सब की जिम्मेदारी है

शोभायात्रा के सहसंयोजक दिनेश गुर्जर ने सभी युवाओं से अपने त्यौहार मनाने की अपील की शोभायात्रा बाड़ी के अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर सीताराम बाजार, लोहार बाजार, घंटाघर, गर्ल्स स्कूल होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पर समापन हुआ शहर के मुख्य चौराहों पर सर्व समाज, बाड़ी की सभी संस्थाओं सभी समाजों ने बढ़कर भाग लिया एवं भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया एवं एवं नवरात्र की प्रथम दिन पर सभी ने एक दूसरे को होली टीका लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की शोभा यात्रा सामाजिक समरसता एवं सद्भावके साथ संपन्न हुई जिसमें पुलिस प्रशासन का माकूल व्यवस्था रही, था और जय श्री राम के गूंजे नारों से शहर गूंज उठा,शोभायात्रा में प्रमुख समाजसेवी भगवान दास गर्ग, विष्णु सिंघल सनौरा,कपिल गर्ग ,सुनील गर्ग कंपनी परिवार, रवि मोदी, महेश भटेले, धारा सिंह पचोरी धर्मराज गुर्जर ,राहुल कौशल, दीपक परमार, विकी परमार, शरद चौहान, रामकुमार गर्ग,अग्रवाल समाज के मुन्नालाल मंगल ,राधेश्याम गर्ग एडवोकेट ,हरिशंकर सराफ ,हरी बाबू गौड़, नरेंद्र जादोन, रामेंद्र मीणा, हरिओम अग्रवाल, मुकेश बिधौलिया ,रामकुमार शर्मा , नत्थीलाल पहाड़िया,ललित शर्मा, सतीश प्रजापति, भुवनेश्वर शर्मा, प्रेम सिंह पोसवाल,अशोक शर्मा,कार्तिकेय, ऋषभ शर्मा, विजेंद्र सोनी, रोशनी शिवहरे, ऊषा मित्तल विमल, गर्ग नीलम मंगल निरमा सिंगल सुमन मंगल विद्या देवी जिंदल कविता गोयल रानी गर्ग कविता मित्तल समस्तनिरमा सिंघल, रजनी सिंघल,संध्या शर्मा ,कामना महेरे वंदना शिवारे एवं मातृशक्ति मौजूद रही।

राजस्थान दिवस पर स्वर साधना ग्रुप का विशेष गीत हुआ लॉन्च

हमारा समाचार

बाडी धौलपुर। राजस्थान दिवस के शुभ अवसर पर स्वर साधना ग्रुप एंड क्लासेस ने एक विशेष गीत लॉन्च किया, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली इतिहास को समर्पित है। इस गीत के लेखक प्रसिद्ध कवि राम वकील प्रताप हैं, जिन्होंने अपनी कलम से राजस्थान की शौर्यगाथा को जीवंत किया है। गीत को सुरों से सजाने का कार्य प्रतिभाशाली गायिकाओं राशि अग्रवाल, तनुजा बघेल और रजनी सिंघल ने किया, जिन्होंने अपनी सधी हुई आवाज से इसे भावनात्मक ऊंचाइयों तक पहुँचाया। संगीत के प्रति उनके समर्पण और उत्कृष्ट गायन ने इस गीत को और भी प्रभावशाली बना दिया। लोक संगीत की मिठास को बनाए रखने के लिए अमन शर्मा ने ढोलक पर बेहतरीन संगत दी, जिससे गीत में पारंपरिक और आधुनिक संगीत का अनूठा मेल दिखाई देता है। इस अनूठी प्रस्तुति का पार्ट वन वीडियो राशि सिंगल यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया गया, जिसे संगीत प्रेमियों से जबरदस्त सराहना मिल रही है।

राजस्थान दिवस का विशेष महत्व

राजस्थान दिवस हर वर्ष 30 मार्च को मनाया जाता है, जो इस राज्य के गठन की याद में मनाया जाने वाला गौरवशाली पर्व है। इस अवसर पर राजस्थान के वीरों, संस्कृति, परंपराओं और विकास यात्रा को सम्मान देने के लिए विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। इस गीत का उद्देश्य भी राजस्थान की लोक कला और संस्कृति को संगीत के माध्यम से जन-जन तक पहुँ चाना है। गीत लॉन्च के अवसर पर स्वर साधना ग्रुप ने कहा कि यह गीत राजस्थान की माटी की खुशबू को समर्पित है और इसे सुनकर हर राजस्थानी को गर्व की अनुभूति होगी। यह गीत सिर्फ संगीत नहीं बल्कि हमारी विरासत का सम्मान है, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगा। यह गीत संगीत प्रेमियों के लिए एक अनमोल भेंट साबित हो रहा है और इसे सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।

नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हमारा समाचार

बाड़ी। बाड़ी शहर मे राजराजेश्वरी कैला माता के मंदिर मैं नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालुः मां राजराजेश्वरी कैला माता और मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की, देवी को लगाया भोगधौलपुर में चैत्र नवरात्रि की शुरूआत के साथ जिलेभर में भक्तिमय माहौल छा गया है। रविवार सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने व्रत रखकर मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की। शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में काली मंदिर, बजरिया देवी मंदिर और हनुमान चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर शामिल हैं। सभी मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा की। भक्तों ने देवी को हलवा-

चने का भोग लगाया। मंदिरों में हवन, कीर्तन और भजन संध्याओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है। मंदिरों के आस पास सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। साथ ही सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान जिले में भक्तिमय माहौल बना रहेगा। श्रद्धालु अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना कर रहे हैं। राजराजेश्वरी माता के मंदिर में सेवा देने वाले वक्त राजकुमार बैसंद्र हरीशंकर मोहित महंत राजू पंडित जी अग्रवाल महिला मंडल की महिलाओं ने राजराजेश्वरी कैला माता रानी के दरबार में सेवाएं दी महिलाओं में ऊषा मित्तल विमल' गर्ग नीलम मंगल निरमा सिंगल सुमन मंगल विद्या देवी जिंदल कविता गोयल रोशनी शिवहरे रानी गर्ग कविता मित्तल समस्त अग्रवाल समाज महिला मंडल उपस्थित रही।

दो दिवसीय राजस्थान राज्य जूनियर, सब जूनियर एवं मास्टर क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

शुरूआती मुकाबलों के परिणाम

हमारा समाचार

धौलपुर। भगवान परशुराम सेवा सदन, धौलपुर में आज 13वीं राजस्थान राज्य जूनियर, सब जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नगर परिषद के पूर्व सभापति रितेश शर्मा थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पी.सी. बोहरा ने की। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि निशांत चौधरी एवं पावरलिफ्टिंग इंडिया के उपाध्यक्ष विनोद साहू शामिल रहे। उद्घाटन समारोह में पी.सी. बोहरा ने प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि इस आयोजन से धौलपुर के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। संघ के सचिव आकाश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 18 जिलों के 220 से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सब जूनियर वर्ग में 18 वर्ष से कम, जूनियर वर्ग में 23 वर्ष से कम और मास्टर वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान के कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन हुए मुकाबलों में सब जूनियर और जूनियर वर्ग के विभिन्न भार श्रेणियों के विजेता घोषित किए गए। 53 किलोग्राम सब जूनियर वर्गः भीलवाड़ा के विकास धोबी ने स्वर्ण, अलवर के पीयूष मीणा ने रजत और बीकानेर के रंजीत मंडल ने कांस्य पदक जीता। 53 किलोग्राम जूनियर वर्गः भरतपुर के धर्म सिंह ने स्वर्ण, दौसा के प्रदीप बैरवा ने रजत और भरतपुर के गौरव मीणा ने कांस्य पदक हासिल किया। 59 किलोग्राम सब जूनियर वर्गः भरतपुर के हेमंत कुमार ने स्वर्ण, जयपुर के अनंत कुमावत ने रजत और धौलपुर के अनीश ने कांस्य पदक अपने नाम किया। 59 किलोग्राम जूनियर वर्गः अजमेर के अरविंद ने स्वर्ण, दौसा के कमल सैनी ने रजत और अजमेर के देव दर्शन नैना ने कांस्य पदक जीता। आगे के मुकाबले जारी, संघ के कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि

प्रतियोगिता में अगले दौर के मुकाबले भी जारी हैं। पुरुष वर्ग में 66, 74 और 83 किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले होंगे, जबकि महिला वर्ग में 43, 46, 47, 52, 57 और 63 किलोग्राम भार वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आशीष जेमन, राजाराम शर्मा, आशीष ओझा, सत्येंद्र सिंह राठौड़, मनीष प्रजापत, हरदीप सिंह सहित कई निर्णायक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

पालोदा स्टैंड पर चैत्र नवरात्रि पर नन्ही बिटिया ने नीम का रस पीकर मनाया अपना जन्मदिन

भारत विकास परिषद के द्वारा चैत्र प्रतिपदा पर नीम रस पिलाने का किया आयोजन

हमारा समाचार

गनोड़ा। हिन्दू नववर्ष एवम चैत्र नवरात्रा के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद शाखा परिक्षेत्र पालोदा द्वारा पारंपरिक दिव्य अमृत नीम रस का पान कराया गया जिसमें लगभग 400 से अधिक लोगो ने नीम रस पान का लाभ लिया। नरेश त्रिवेदी की बिटिया खनक त्रिवेदी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रथम नीम रस पान कर आयोजन का आगाज किया। नन्ही सी बिटिया ने भी चैत्र

प्रतिपदा एवं नववर्ष के अवसर पर नीम रस पिया जिसके बाद पालोदा गांव के एवं आसपास के क्षेत्र के कई ग्रामीण बस स्टैंड पर पहुंचे तथा नीम का रस पिया। पालोदा बस स्टैंड पर सुबह के समय भारत विकास परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य पहुंचे तथा अपने हाथों से नीम का रस बनाया। प्राचीन समय से मान्यता है कि चैत्र प्रतिपदा आते ही नेम रस का सेवन स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहता है। पालोदा बस स्टैंड पर नीम रस के निर्माण एवं आम जनता तक इसको पहुंचाने में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह, कपिल व्यास, रजनीश जैन, राजकुमार सोनी, स्वाति सोनी, नरेश त्रिवेदी,सुभाष जोशी,प्रभुलाल त्रिवेदी, दिलवर सिंह चौहान, विनोद त्रिवेदी, भूपेंद्र जोशी, मोहन लाल कलाल, नानूराम बामनिया ,मणिलाल अहारी, ,सुनील जैन, कुशल जैन, शैलेश त्रिवेदी, रामेश्वर त्रिवेदी, राजेश व्यास आदि उपस्थित रहे।

हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा पर वाहन रैली का आयोजन विभिन्न स्थानों पर हुआ स्वागत अभिनंदन

हमारा समाचार

जालोर। हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा पर दुपहिया वाहन रैली का आयोजन हिंदू नव वर्ष पूर्व संध्या पर भगतसिंह क्रीड़ास्थल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजीव कुमार ने भगवा झंडी बताकर रैली निकाली गई । क्रीड़ा भारती के ज़िला मंत्री भागीरथ गर्ग ने बताया कि क्रीड़ा भारती जालोर द्वारा हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा पर विशाल वाहन रैली का आयोजन भगतसिंह क्रीड़ा स्थल से 350 दुपहिया वाहनो व डीजे पर हिंदू नव वर्ष पर एवं श्री राम के गीतों के साथ डीजे पर शाम 5 बजे भगवा

झंडी बता कर रवाना हुई जिसका नेतृत्व भारत माता की तस्वीर एवं नव वर्ष मंगलमय को के बैनर लगी गाड़ी में क्रीड़ा भारती के ज़िलाध्यक्ष लालसिंह साँखला कार्याध्यक्ष नाथु सोलंकी ओमप्रकाश परमार व क्रीड़ा भारती के केंद्र प्रमुख विकास जावा खेतपाल, सुरेश सुंदेशा व विक्रम सोलंकी ने बुलेट पर भगवा झंडा लेकर भारत माँ की जय, नव वर्ष मंगलमय हो और जय श्री राम के नारे बोलते हुए रवाना हुई । रैली का प्रारंभ भगतसिंह क्रीड़ास्थल से देवनारायण सर्कल, कॉलेज तिराहा, राजेंद्र नगर (ज्योतिबा फुले मार्ग) विवेकानंद स्मृति चौराहा, सूरज पोल, सदर बाजार, वीरमदेव चौक, घासियो की पिलानी, बड़ी पोल, गौरवपथ रोड, तिलक द्वार, हरिदेव जोशी सर्कल, वन वे रोड, नगर परिषद, विवेकानंद स्मृति चौराहा, नया बस स्टैंड होते हुए अमर गेस्ट हाउस हनुमान नगर होते हुए सुंदेला तालाब पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर समापन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह प्रचारक अनिल कुमार ज़िला प्रचारक आईदान ज़िला कार्यवाह शेखर भारद्वाज, नगर कार्यवाह ठकराराम, विभाग प्रचार सह प्रमुख सोहन अग्रवाल ज़िला संपर्क प्रमुख प्रकाश परमार, मदनसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष मुनिराज सिंह प्राचार्य जबरसिंह देवड़ा, सह मंत्री ओमप्रकाश गर्ग, मंगल सिंह बालोत, गोपाल स्वामी अंबिका प्रसाद तिवारी, सुनीता गुर्जर, मुकेश राजपुरोहित सहित क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मोजूद थे ।

वीर विक्रमादित्य वो राजस्थान के ही नहीं पूरे भारत के सम्राट थे उनके आदर्शों को आज भी याद किया जा रहा है: महंत प्रताप पुरी

आकोली में सम्राट वीर विक्रमादित्य परमार की मूर्ति का हुआ अनावरण

हमारा समाचार

जालोर। आकोली गांव के बस स्टैंड के समीप रविवार को सम्राट वीर विक्रमादित्य परमार की मूर्ति का अनावरण समारोह पूर्वक हुआ कार्यक्रम सम्राट वीर विक्रमादित्य स्मारक निर्माण समिति एवं समस्त ग्रामवासी आकोली के तत्वावधान में आयोजित हुआ । कार्यक्रम में संत सानिध्य महंत प्रताप पुरी महाराज तारातरा मठ बाड़मेर एवं आचार्य श्रीमद् विजय जयरतन सुरीश्वर महाराज एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार थे ।कार्यक्रम में सानिध्य लेटा महंत रणछोड़ भारती जागनाथ नारणावास के महंत महेंद्र भारती, कटकेश्वर महंत कुलदीप भारती आनंद नाथ महाराज, सांथू गायत्री आश्रम के विष्णु स्वरूप महाराज कैलाश नगर के साध्वी सत्यानंद नवाराम भोपाजी आदि संतों के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत आईएएस अधिकारी गंगा सिंह परमार खंगार सिंह आकोली त्रिभुवन सिंह आकोली मौजूद रहे ।कार्यक्रम की शुरूआत वीर विक्रमादित्य की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित कर की गई । तत्पश्चात ग्राम वासियों द्वारा संस्था एवं अतिथियों का माला एवं साफा पहनकर स्मृति चिन्ह देकर बहूमान किया । समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गर्ग ने कहां की सम्राट वीर विक्रमादित्य महान समाट थे उन्होंने बिना भेदभाव किये सबको साथ लेकर उन्होंन न्याय किया उन्होंने सभी से उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया वें न्याय प्रिय शासक रहे । महंत प्रताप पुरी ने कहां की वीर विक्रमादित्य वो राजस्थान के ही नहीं पूरे भारत के सम्राट थे उन्होंने हमेशा न्याय के साथ शासन किया उनके आदर्शों को आज भी याद किया जा रहा है। क्षत्रिय योग संघ

केंद्रीय कार्यकारिणी के रेवत सिंह पाटोदा ने वीर विक्रमादित्य के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहां की उनके शासनकाल से ही नव वर्ष विक्रम संवत का आरंभ हुआ था जो आज भी चल रहा है उन्होंने कहा कि भगवान राम श्री कृष्ण के बाद वीर विक्रमादित्य का नाम आता है आज भी उनको याद किया जाता है । अंत में गंगा सिंह परमार रामसीन ने संत महात्मा एवं अतिथियों का आभार जताया कार्यक्रम में मंच का संचालन राजेंद्र सिंह ने किया तत्पश्चात पंडाल के पास लगी मूर्ति का महंत प्रताप पुरी मुख्य सचेतक गर्ग विधायक राजपुरोहित पूर्व आईएएस परमार अपने हाथों से मूर्ति का अनावरण किया । इस दौरान ढोल बाजे एवं पटाखे की धूम मची रही । कार्यक्रम में आकोली समेत बागरा, देलदरी, सांथू , सरत नारणावास, आडवाडा, बुगाव, देवाडा, जालौर, मांडोली, बिबलसर, सियाणा, रामसीन, सरत, नून, चादुर, कोलर, सिकवाडा, डुडसी, धानपुर, दीगाव समेत दर्जनों गांव के लोग कार्यक्रम में पहुंचे पंडित तेजराज ने कार्यक्रम को विधि विधान पूर्वक संपन्न करवाया। इस अवसर पर बागरा थानाधिकारी मोहन लाल गर्ग, हितेंद्र सिंह थुर, डुंगर सिंह, कालुसिंह आकोली, रूप सिंह नारणावास, नाथू सोलंकी, अर्जुन सिंह देलदरी, बगसिंह बागरा, लाल सिंह धानपुर, जोग सिंह आडवाड़ा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

भारतीय नव वर्ष चेत्र प्रतिपदा नवसंवत्सर के सुअवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन और ब्लॉक की बैठक हुई आयोजित

हमारा समाचार

कुशलगढ़। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा का सज्जनगढ़ की आज दिनांक 30 मार्च 2025 यूगाबद 5127 विक्रम संवत 2082 को ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यकमों का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय पंचायत समिति सभागार के मुख्य द्वार पर रंगोली की सजावट एवं दीप प्रज्वल के साथ-साथ प्रसाद वितरण के साथ

चैत्र नवरात्रि मां भवानी की वंदना कर तिलक, कलेवा बांधकर आने जाने वाले सभी सदस्यों को चैत्र नवरात्रि हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाए प्रेषित की गई। राजस्थान शिक्षक राष्ट्रीय के वरिष्ठ सदस्य एवं जनप्रतिनिधि सामाजिक कार्यकताओं, छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। इस अवसर पर आज उपशाखा सज्जनगढ़ की बैठक का भी आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई । पहला बिंदु - वेतन विसंगति का निराकरण करना, दूसरा बिंदु - दिनांक 14 अप्रैल 2025 को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती का एवं सामाजिक समरसता कार्यक्रम आयोजन करना, तीसरा बिंदु - 9 , 18 , 27 वर्षीय एसीपी प्रकरणों का निस्तारण करना जिसके अंतर्गत नियुक्ति तिथि से प्रथम नियुक्ति तिथि में अंतर होने की वजह से स्थाईकरण के आदेश एवं प्रथम एसीपी , द्वितीय एसीपी आदेशों में अलग-अलग दिनांको के दर्ज होने से वर्तमान एसीपी लाभ मे समस्या होना जिसका सुनियोजित समाधान करना।

लापता मंदबुद्धि बालक मिला एमपी के सागर में, 23 महीने से नही लगा पता तो परिजनों ने लगाई थी हाईकोर्ट में याचिका

हमारा समाचार

बाड़ी। शहर के तुलसी वन रोड स्थित गायत्री कॉलोनी से करीब 23 महीने पहले एक मंदबुद्धि 11 वर्षीय बालक गायब हो गया था। गायब बालक की काफी तलाश करने के बाद जब परिजनों को सफलता नहीं मिली तो कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस द्वारा काफी मशक्कत के बाद जब बालक का पता नहीं लगाया जा सका तो परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की। हाईकोर्ट ने

मामले को संज्ञान में लेते हुए एसपी धौलपुर को बालक को दस दिन में दस्तयाब करने के निर्देश दिए। इस पर एसपी धौलपुर द्वारा बालक की खोज करने वाले को 25000 रुपए का इनाम देने की घोषणा करते हुए विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने 7 दिन की अथक मेहनत के बाद बालक को एमपी के सागर से दस्तयाव कर लिया है। बॉडी सर्किल अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि लापता बालक आकाश उर्फ अब्बा पुत्र बदरिया प्रजापति 15 जून 2023 को घर से बाहर निकालने के बाद लापता हो गया था ऐसे में मामले को लेकर लापता बालक के भाई दीपक पुत्र बेद्रीय ने पुलिस में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था।

चैत्र नवरात्रि: अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की नई कार्यकारिणी घोषित की

योगेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र महामंत्री, शिवदत्त, श्रीराम व तोमर को उपाध्यक्ष तथा सतीश कोषाध्यक्ष बनाए गए

हमारा समाचार

धौलपुर। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ से संबद्ध संगठनों के जिलाध्यक्ष, जिलामंत्री व तृतीय प्रतिनिधियों की जिला महासमिति की बैठक का आयोजन स्थानीय पंचायत समिति सभागार में महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में भारतीय नव वर्ष व चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर पदाधिकारियों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर नव संवत्सर की बधाई दी गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने महासंघ के विधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुए राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के योगेश पांडेय को

वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजस्थान सहायक एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी संघ से शिवदत्त गोस्वामी, राजस्थान आयुर्वेद नर्सेज से श्रीराम गोस्वामी व राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ से कृष्णा सिंह तोमर को जिला उपाध्यक्ष, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के रविंद्र सिंह त्यागी को जिला महामंत्री, राजस्थान कानूनगो संघ के हृदेश पाठक व राजस्थान कृषि स्नातक संघ के राकेश कुमार कुशवाहा को जिला संयुक्त मंत्री तथा राजस्थान पैरा टीचर संघ के सतीश कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया की नई कार्यकारिणी में जिला संगठन मंत्री गेंदालाल त्यागी राजस्थान पटवार संघ, जिला प्रचार मंत्री रोशन लाल मीणा, राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी संघ सांख्यिकी, जिला विधि मंत्री अरविंद सिंह अखिल राजस्थान राज्य कृषि पर्यवेक्षक संगठन, खेल व सांस्कृतिक मंत्री अविनाश अग्रवाल राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत, जिला कार्यालय मंत्री, अमर तिवारी राजस्थान वन श्रमिक संघ तथा प्रवक्ता के पद पर दीपक शर्मा राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ एवं संघर्ष समिति संयोजक यदुवीर सिंह गुर्जर पटवार संघ एवं सह संयोजक नर्सिंग एसोसिएशन के विकास त्यागी को बनाया गया है। इसके अलावा महासंघ से संबंध संगठनों के सभी जिलाध्यक्षों को जिला कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जिला महासमिति की बैठक में सभी महासंघ के संबद्ध संगठनों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री व नई कार्यकारिणी का बुके भेंट कर, माल्यार्पण एवं पगड़ी बांधकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर श्रीभान सिंह गुर्जर, हरीशंकर शर्मा, सुरेंद्र दीक्षित, हरीसिंह गुर्जर, देवेंद्र सिंह परमार, गोपाल कृष्ण शर्मा, राधा कृष्ण शर्मा, होरीलाल, लोकेंद्र सिंह गुर्जर, मेघ सिंह परमार, सत्यभान शर्मा, होतम सिंह लोधी, बृजमोहन शर्मा, धर्मेंद्र त्यागी, अनिल मिश्रा, लोकेंद्र गर्ग, प्रसनजीत सहित विभिन्न संगठनों के जिला अध्यक्ष जिला मंत्री मौजूद रहे।

चैत्र नवरात्रि महोत्सव के तहत घट स्थापना संपन्न

हमारा समाचार

तलवाडा। बांसवाड़ा उपखंड के तलवाड़ा में स्थित श्री त्रिपुरा सुंदरी मंदिर उमराई में पंचाल समाज चौदह चौखरा एवं त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री धूलजी भाई पंचाल ने अभिजीत मूर्हत में घट स्थापना की ,पंडित निकुंज मोहन जी पंड्या के आचार्यत्व में पूजा अर्चना कर घट स्थापना की गई, महामंत्री नटवर पंचाल लिखी ने बताया कि चैत्र प्रतिपदा के नवरात्रि महोत्सव को लेकर ट्रस्ट मंडल के द्वारा आगंतुक दर्शनार्थियों को ध्यान में रखते हुए समस्त प्रकार की व्यवस्था की गई ,ताकि दर्शनाधियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करने पड़े, गर्मी ऋतु के मौसम को देखते हुए दर्शनार्थियों के लिए पंक्ति जहां से लगती है वहां से लेकर मंदिर परिसर तक टेंट की व्यवस्था की गई, पीने के लिए जल की व्यवस्था की गई, सुरक्षा की दृष्टि से ट्रस्ट मंडल के द्वारा संपूर्ण व्यवस्था की गई, घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त में की गई, नववर्ष के उपलक्ष्य में समस्त दर्शनाथीयों का तिलक लगाकर ओर मिश्री खिलाकर मुंह मीठा करवा करके स्वागत किया, माता जी को नया मुकुट चढ़ाया, घट स्थापना में संपूर्ण पंचाल समाज 14 चौखरा का समाजजन उपस्थित रहा, मां की भक्ति में लीन होकर माता रानी के जयकारे बोलते हुए मां की भक्ति में लीन हुए, नवनिर्वाचित अध्यक्ष धूलजी पंचाल ने माता रानी से प्रार्थना की है मां संपूर्ण मानव समाज का कल्याण करें, हमारे वागड़ में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, घर स्थापना में संरक्षक मंडल के कांतिलाल डूंगरा, कारी लाल , गंगाराम बिलोदा, दिनेश बावलपाड़ा, अशोक बड़ोदिया, हीरालाल, जितेंद्र, रामचंद्र भगवती, नारायण, माधव, जगदीश, ईश्वर, राजेश, विजेंद्र, गोपाल, मैनेजर जागेश, बंसी, लोकेश, चोदह चौखरो के अध्यक्ष, समस्त नवनिर्वाचित सदस्य, समस्त कार्यकारणी, समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारी, मातृशक्ति युवा एवं समस्त समाजजन उपस्थित रहा, उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय पंचाल डूंगरा छोटा ने दी।

राजस्थान दिवस महोत्सव में युवाओं को मिला तोहफा

हमारा समाचार

धौलपुर। धौलपुर में राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के पांचवें दिन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर परिषद टाउन हॉल में शनिवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन

में 120 युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए गए। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से काम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कोटा के दशहरा मैदान में हो रहे राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं में सामाजिक न्याय विभाग के छात्रावास अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के नर्सिंग ऑफिसर, फार्मासिस्ट, एएनएम और महिला बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक शामिल हैं। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, आईटी विभाग के एसीपी बलभद्र सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में युवा लाभार्थियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम को देखने के बीजेपी पदाधिकारी हुए एकत्रित

हमारा समाचार

बाड़ी। शहर मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे की अध्यक्षता मे बूथ संख्या 207 और वार्ड 14 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 120 में संस्करण में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें भारत के विविध नव वर्ष और वसंत त्यौहार, भारत में बच्चों के लिए त्यौहार, परीक्षाएं और ग्रीष्मकालीन गतिविधियाँ, राष्ट्रीय पहल, अध्ययन दौरे, ग्राम विकास और जल संरक्षण, जल संरक्षण प्रयास और लचीलेपन की भावना, खेलो इंडिया पैरा गेम्स, फिट इंडिया कार्निवल और स्वदेशी खेलों का उदय, विदेश में भारतीय विरासत का जश्न मनाना, कला और लचीलेपन के माध्यम से जड़ों से जुड़ाव आदि विषयों के माध्यम से देश के लोगों को संदेश दिया। इस मन की बात कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमे बाड़ी मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा, नरेश यादव, रामकुमार कुशवाहा, सतीश प्रजापति, प्रदीप भारद्वाज ,नितिन शर्मा, डॉ जितेंद्र शर्मा, मनोज कोली, बंटी शर्मा, मोहन सिंह राजेंद्र प्रसाद गर्ग, बीएल प्रजापति, नाजिया खान, विजय लक्ष्मी यादव, ललिता यादव, सीमा सोनी, देवांशी, रेनू शिवहरे, देवकी, शांति देवी, अवंतिका शिवहरे, लक्ष्मी, गुंजल, पायल सिंगारिया, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रही।

आठ वर्षीय शारिम ने पुरे माह रखे रोजे

हमारा समाचार

आनंदपुरी। कस्बे के मुस्लिम समाज के आठ वर्षीय बालक शारिम खान पुत्र जाकिर खान ने पुरे रमजान माह में रोजे रख कर पुरे रमजान माह अल्लाह ताला की इबादत कर अपने रोजे रखने के संकल्प को पूरा किया। इस दौरान पुरे परिवार जनो ने उसकी होंसला अफजाई की एवं रोजे पुरे होने पर सभी ने मुबारक बाद दी।

अग्रवाल समाज समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन , 20 को होंगे चुनाव

हमारा समाचार

झुंझुनूं। अग्रवाल समाज समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन रविवार को कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सचिव शिवचरण हलवाई ने पिछली साधारण सभा की कार्यवाही पढकर सुनाई और उपस्थित सदस्यों ने उसका अनुमोदन किया। इसके बाद कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल ने वर्तमान कार्यकारिणी के पूरे कार्यकाल का आय व्यय का ब्यौरा रखा। जिसका भी अनुमोदन किया गया। साधारण सभा में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। लेकिन किसी पर भी निर्णय नहीं हो पाया। वहीं बैठक में एक समाजजन द्वारा की गई असंसदीय टिप्पणी के बाद इसका समाज के लोगों ने विरोध किया और सभा को स्थगित कर दिया गया। सचिव शिवचरण हलवाई ने बताया कि सभा स्थगित हो जाने के कारण चुनाव की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। इसलिए अब 20 अप्रेल को शाम छह बजे आगामी कार्यकारिणी के लिए चुनाव होंगे।

भाजपा सरकार में की हुए घोषणा में किसी भी बेरोजगार को रोजगार नहीं मिला: लक्ष्मण सांखला

युवा कांग्रेस द्वारा राजीव गांधी भवन जालोर में प्रेस वार्ता आयोजित

हमारा समाचार

जालौर। भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा आगामी 2 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले रोजगार मेले को लेकर युवा कांग्रेस के नेशनल कॉर्डिनेटर एवं जोधपुर संभाग प्रभारी लक्ष्मण सिंह सांखला ने जालोर राजीव गांधी भवन में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। लक्ष्मण सिंह सांखला ने बताया कि भाजपा के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार ने वर्ष 2014 में पूरे देश में यह कहा था कि भाजपा कि सरकार केंद्र में बनते ही प्रति वर्ष 2 करोड़ रोजगार देंगे, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद वादे से मुकर गई ओर संसद में हाल ही में उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 8 लाख लोगों को रोजगार दिया है वहीं

सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार नोटबंदी, गलत जीएसटी तथा कोरॉना में बेहतर प्रबंध नहीं होने से करीब 23 करोड़ लोगो ने अपना रोजगार खोया है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है...?? राज्य में भाजपा की भजनलाल सरकार ने 2024 में नियुक्ति पत्र दिए है वह पिछली कांग्रेस सरकार ने पूर्ण हो चुकी भर्तियों के थे जो आचार संहिता लगने के कारण बेरोजगार भाईयो को नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए थे लेकिन ये भाजपा सरकार झूठ बोलकर वाहवाही लूट रही है जबकि पिछली सवा साल में एक भी इनके सरकार में की हुए घोषणा में किसी भी बेरोजगार को रोजगार नहीं मिला है इनकी सरकार बनते ही पांच हजार राजीव गांधी युवा मित्रो को बेरोजगार कर दिया था । वर्तमान में केंद्र की बेरोजगार दर 8.20 प्रतिशत है को पिछले 12 वर्षों के उच्चतम स्तर पर है । इसी बेरोजगारों कि तरफ भाजपा सरकार का ध्यान नहीं होने से बेरोजगार भाईयो के लिए राहुल गांधी के आदेशानुसार राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिबजी के नेतृत्व में जयपुर में 2 अप्रैल 2025 को रोजगार मेला युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित किया जा रहा है । जिसमें देश की करीब 100 कंपनिया आएगी जो उसी दिन करीब 2000 बेरोजगार युवा साथियों को रोजगार उपलब्ध करवाएगी तथा यह रोजगार मेले भारत के प्रत्येक राज्य में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार, सुरेश चौधरी थांवला, पूर्व मनोनीत पार्षद सुरेश मेघवाल, कृष्ण कुमार वनिका, नरेंद्र गुर्जर, सुरेश सोलंकी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

गोवंश को हरी सब्जी, फ्रूट और गुड खिलाकर मनाया दोस्त का जन्मदिन

हमारा समाचार

सरदारशहर। शहर की हराचारा गौशाला में दर्द से पीड़ित और अपंग गोवंश को युवाओं ने अपने दोस्त अजय अश्विनी भार्गव के जन्मदिन पर हरी सब्जी, फ्रूट और गुड खिलाकर जन्मदिन मनाया। मित्र विवेक सैनी ने कहा कि आज के युग में बड़ी बड़ी होटलों में फिजूल खर्ची न करते हुए हमने हमारे मित्र के जन्मदिन के शुभ अवसर को यादगार बनाने के लिए शहर में संचालित हरा चारा केंद्र गौशाला में शनिवार को गोवंश की सेवा की ओर गुड खिलाए है। इस अवसर पर अजय मीणा, सुमित भार्गव, नरेश सैनी, विवेक सैनी आदि मित्र उपस्थित रहें।

हैड कांस्टेबल आलमगिर ने निभाए दो-दो फर्ज रोजे रखने के साथ साथ अपनी ड्यूटी का फर्ज भी पूरी शिद्दत के साथ निभाया

झुंझुनूं यातायात पुलिस में हैड कांस्टेबल है आलमगिर

हमारा समाचार

झुंझुनूं। रमजान के महीने में रोजे रखना मुसलमानों के लिए फर्ज माना गया है। तो वहीं झुंझुनूं में यातायात पुलिस में हैड कांस्टेबल ना केवल रोजे रखने का धर्म निभाया है। साथ ही साथ अपनी ड्यूटी का फर्ज भी पूरी शिद्दत के साथ निभाया। जी, हां यातायात पुलिस में हैड कांस्टेबल की ड्यूटी झुंझुनूं शहर के सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वाले गुढ़ा मोड़ पर रही। गला सूखाने वाली गर्मी, सारे दिनभर वाहनों की रेलमपेल और हवाओं में उड़ता धुआं-मिट्टी। इन सबके बीच पूरे दिन बिना पानी

पिए हैड कांस्टेबल आलमगिर ना केवल ड्यूटी पर रहे। बल्कि रोजे भी रखे। आलमगिर ने बताया कि यदि हौंसले मजबूत है तो कोई भी दिक्कत नहीं आती। उन्होंने बताया कि दिन में पांच समय की नमाज होती है। लेकिन यदि इस ट्रेफिक प्वाइंट पर जाब्ता होता है तो पास की मस्जिद में जाकर वे नमाज अदा कर आते है। नहीं तो फिर गुढ़ा मोड़ पर ही नमाज अदा करते है। रोजा इफ्तारी तक उनकी ड्यूटी खत्म हो जाती है तो पुलिस लाइन में घर जाकर रोजा खोल लेते। उन्होंने कहा कि रोजे रखना, जिस तरह हमारा फर्ज है। तो पुलिस की ड्यूटी करना भी फर्ज है। इसलिए ना तो उन्होंने रमजान में कोई छुट्टी ली और ना ही कोई विशेष ड्यूटी मांगी। जिससे उन्हें आराम मिले। उन्हें जो भी काम दिया। वो पूरी शिद्दत के साथ किया।

आज इदुल फितर का त्यौहार अदा की जाएगी विशेष नमाज

हमारा समाचार

झुंझुनूं। सोमवार को ईदुल फितर का त्यौहार मनाया जाएगा। ईदगाह में विशेष नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह कमेटी द्वारा नमाज अदा करने वाले मुसलमानों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रविवार को ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष खादिम खोखर समेत अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अध्यक्ष खोखर ने बताया कि ईदगाह कमेटी की ओर से सभी व्यवस्था कर ली गई है। इस बार मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार व उनके परिवार द्वारा ईदगाह में 70 लाख रूपए का कार्य करवाया गया है। जिसके बाद नमाज अदा करने वालों को कोई भी परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सुबह आठ बजे शहर काजी सफीउल्लाह खान नमाज अदा करवाएंगे। इससे पहले सात बजे बाहर से आमंत्रित मौलाना द्वारा बयान होंगे।

जो रमजान महीने में रखे गए रोजों के महत्व के बारे में बताएंगे। इस मौके पर खोखर ने बताया कि सभी मुसलमान भाइयों से अपील भी की जा रही है कि साल में दो बार ईद की विशेष नमाज अदा होती है। जो ईदगाह में ही अदा करनी चाहिए। क्योंकि ईद की नमाज ईदगाह में अदा करने से ज्यादा सवाब व अजर मिलता है।

प्रत्येक व्यक्ति के मन में देश प्रेम और राष्ट्रभक्ति होगी तभी राष्ट्र आगे बढ़ेगा

गनोडा में आरएसएस का पथ संचलन, जगह-जगह हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत

हमारा समाचार

गनोड़ा। गनोड़ा तहसील मुख्यालय पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन हुआ। दोपहर 3:00 बजे बाद पथ संचलन का कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर शुरू हुआ जो शाम 7:30 बजे तक चलता रहा। इस पथ संचलन में उम्र दराज स्वयंसेवकों के साथ-साथ नन्हे मुन्ने बच्चे भी गणवेश धारण कर संचलन में कदम से कदम मिलाते नजर आए। पथ संचलन के दौरान वीएचपी के क्षेत्र प्रचारक धर्मराज भाई साहब, पूर्व सेवानिवृत्ति प्राचार्य उदय लाल मईडा, नानूराम पटेल मेतवाला, सागवाड़ा जिला संचालक रामचंद्र बरोड़ के सानिध्य में बौद्धिक कार्यक्रम हुआ जिसमें स्वयं सेवकों को राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ाया गया। बौद्धिक के दौरान सभी को राष्ट्र भावना सर्वोपरि की बात कही गई तथा बताया गया कि राष्ट्र भावना प्रत्येक व्यक्ति के मन में होनी चाहिए तभी राष्ट्र विकास करेगा एवं देश प्रेम की भावना बढ़ेगी। बौद्धिक के दौरान बताया गया कि वर्तमान समय में सामाजिक समरसता बेहद जरूरी है सभी सनातन संस्कृति का संरक्षण होगा।

सर्व समाज ने किया स्वागत

गनोड़ा में आयोजित हुए पथ संचलन के दौरान विभिन्न समाजों के द्वारा पथ संचलन में चल रहे स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा की गई। जगह-जगह पथ संचलन का विभिन्न समाजों के द्वारा स्वागत किया गया। संचालन सीनियर स्कूल के खेल मैदान से शुरू हुआ जो जैन मंदिर से होते हुए अंबा माता मंदिर, गणेश मंदिर, रावला परिसर, पीपली चौक, नाई बस्ती, श्रीगौड़वाड़ा, नया बस स्टैंड, यादव बस्ती, बुनकर बस्ती से होते हुए वापस पुराना बस स्टैंड से खेल मैदान पर पहुंचा। जब संचलन गांव में विभिन्न इलाकों से होकर गुजरा तब महिलाओं के द्वारा भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे भी लगाए गए तथा स्वयं सेवकों का भव्य स्वागत किया गया। गनोड़ा गांव के स्वयंसेवकों के द्वारा पूरे पथ संचलन में व्यवस्थाओं का जिम्मा लिया तथा सारी व्यवस्थाएं पूरी की। अंत में ग्राम पंचायत गनोड़ा की ओर से अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

नन्हे बच्चों ने भी धारण किया पूर्ण गणवेश

संचलन के दौरान नन्हे बच्चों में भी स्वयं सेवक बनने का उत्साह चरम पर था। नन्हे मुन्ने बच्चे पूर्ण गणवेश में आए थे तथा अपने साथ दंड लेकर कदम से कदम मिलाते नजर आए। पालोदा के रहने वाले वेदांश व्यास, रुद्राक्ष गामोट सुंदनी तथा ग्रंथ नायक अंबाडा के द्वारा इस पथ संचलन में भाग लिया गया तथा यह तीनों नन्हे स्वयं सेवक आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों के अलावा वरिष्ठ स्वयं सेवकों के द्वारा भी पूरे पथ संचलन में कदम से कदम मिलाकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। पथ संचलन के दौरान रामचंद्र बरोड़, सुखवाड़ा केशव लाल पाटीदार आसोड़ा, कांतिलाल शर्मा पालोदा, प्रभु लाल त्रिवेदी पालोदा, हेमन्त त्रिवेदी पालोदा, नयनेश जानी खोडन, नानूराम पटेल मेतवाला, प्रेमजी पाटीदार भीमपुर, नानकराम यादव सुखवाड़ा, विद्या शंकर व्यास पालोदा एवं अन्य वरिष्ठ स्वयंसेवक मौजूद रहे।

सुंदनपुर निवासी शिक्षक देवेंद्र पटेल ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष में लिखी कविता

हमारा समाचार

चिड़ियावासा। जिले के तलवाड़ा पंचायत समिति के सुंदनपुर निवासी युवा शिक्षक देवेंद्र पटेल पुत्र गोतम पटेल ने राजस्थान दिवस के उपलक्ष में कविता लिखी है। कविता में राजस्थान की ऐतिहासिक घटनाओं व गौरव गाथाओं का वर्णन किया गया है। इस कविता में माध्यम से राजस्थान के के स्वर्णिम इतिहास को लोगों तक संदेश पहुंचाने की कोशिश की गई है। कविता के अंश बप्पा, सिंहा, वासु, दूल्हे, देवा और जैसल ने जिसकी नीव रखीं मेवाड़, मारवाड़, ढूंढाड़, हाड़ौती, और मालवा से मिलके जिसकी धरती बनी सांगा, प्रताप, पृथ्वीराज, मालदेव, चन्द्रसेन और दुगार्दास राठौड़ ने जिसकी खूब लड़ाई लड़ी भालों, तलवारों, ढालों, रक्त और हड्डियों से जिसकी माटी खूब सनी वो ही है राजस्थान। जहां स्वाभिमान पगड़ी में है, मूछों में वट और जूतियों में है घमंड, जहाँ राजा केसरिया तो रानी जोहर करती है और जनता भी युद्ध मे कूद पड़ती है जहाँ राजा महल छोड़ जंगल में रहता है, और आजीवन अनवरत लड़ता है। जहाँ महिला अपना चेहरा भी पर पुरुष को नही दिखाती और पुरुष भी पर नारी को देवी मानता है वो ही है राजस्थान (2) जिसके गांव - गांव में योद्धा है, जगह - जगह पर युद्ध है और हर युद्ध में है जीत जिसके ऊपर 7वी से 12वी

शताब्दी 500 बरस तक हुआ हर आक्रमण है चित जिसके उत्तर में भाटी, दक्षिण में मेवाड़ पूरब में कछवाह - हाड़ा पश्चिम में रणबंका राठौड़ और मध्य में है चौहान जिसके सिपाही कुम्भलगढ़, मेहरानगढ़, गागरोन, लोहागढ़ सोनारगढ़, आमेर, तारागढ़ और सिरमौर है चित्तौड़गढ़ वो ही है राजस्थान (2) जहाँ केसरीसिंह बारहठ मेवाड़ महाराणा को चेतावनी रा चुंगटिया लिख उनका स्वाभिमान जगाते है और पूरा परिवार उनका क्रांति में शहीद होता है जहाँ आम किसान भी राजा से बगावत करने की हिम्मत रखता है और प्रजामण्डल बनाके अंग्रेजो से भी लड़ता है जहाँ ठाकुर कुशाल सिंह अंग्रेज मेक मोसन का सिर काटके पूरे शहर में घुमाते है और आउवा के किले पर टांगते है जहां हेमू कालाणी मात्र 19 बरस की उमर में फांसी पर लटक जाता है और क्रांति में क्रांति में भरता है जहाँ रानियाँ हाथी, घोड़े, तलवारे सब चलाना जानती है और सेनाणि मांगने पर रावत को सिर काटके भेज देती है वो ही है राजस्थान (2) जहाँ स्वामिभक्त चेटक पवन वेग से दौड़ता है और पैर कटने पर भी हल्दीघाटी कूद पड़ता है जहाँ मीरा बाई का हरि प्रेम जहर पीकर भी नही मरता है और अंत में हरि में ही समाहित हो जाता है जहाँ पन्नाधाय अपने पुत्र का बलिदान करती है और उदयसिंह को बनवीर की तलवार से बचाती है जहाँ वीर दुगार्दास वचन निभाने को आजीवन लड़ता है और अजित सिंह को राजा बनाने को औरंगजेब से जा भिड़ता है वो ही है राजस्थान (2) जिसकी रेतीली मिट्टी में पानी नही तो क्या वीरों ने इसे रक्त से सींचा है जिसकी सीमा पर आए बहुत आक्रांता और आकर यहां हर आक्रांता ने आंख को मीचा है जिसकी माटी का कण - कण रक्त है और हर मकाम पर वीरों की देह पड़ी है जिसकी रात चन्द्रवंशी भाटी के चन्द्र से उज्ज्वल है और दिन सूर्यवंशी मेवाड़ से आज भी उदय है वो ही है राजस्थान (2) जहाँ मिलता है राष्ट्रवाद का पहला उदाहरण और मिलते है स्वतंत्रता के पंख जहाँ मिलता है कभी नहीं झुकने का पैगाम और मिलते है गुण लड़ने को जंग जहाँ मिलता है गुलामी से बेहतर है घास की रोटी और मिलते है हमारे प्यारे लाल और केसरिये रंग जहाँ मिलता है वीरता और साहस गली - गली में और मिलते है किस्से वीरों ने जो मचाये थे हुडदंग वो ही है राजस्थान।

हमारा समाचार
आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2012/45657, डाक पंजीयन संख्या RJ/JPM/151/2025-2027

सरकारी नौकरियों में 'बाहरियों का दबदबा'.. अब बेरोजगारों ने किया आर-पार का ऐलान!

प्रदेश में बेरोजगार युवाओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिलाने की उठाई मांग

हमारा समाचार

जयपुर। प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता न मिलने से प्रदेश के बेरोजगार युवाओं में नाराजगी है। अन्य राज्यों में स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने के सख्त प्रावधान हैं, लेकिन राजस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती में राजस्थान सामान्य ज्ञान (जीके) का वेटेज मात्र 17-20 प्रतिशततक सीमित है।इससे बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों को ज्यादा अवसर मिल रहे हैं। अब राजस्थान बेरोजगार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान किसान ने घोषणा की है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को खून से पत्र लिखकर स्थानीय युवाओं के हक की मांग उठाई जाएगी। यदि इसके बावजूद सरकार नहीं चेती तो शहीद स्मारक पर बड़ा आंदोलन होगा। हनुमान किसान ने कहा कि सरकार ने 100 फीसदी स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन भर्ती प्रक्रियाओं में बाहरी अभ्यर्थियों के लिए कोई रोक नहीं लगाई गई है। हाल ही में कर्मचारी चयन बोर्ड ने 53,749 पदों पर चतुर्थ श्रेणी भर्ती शुरू की, लेकिन इसमें बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों को आवेदन करने से नहीं रोका गया।

सीएम को लिखा खून से पत्र; मांगें पूरी नहीं होने पर शहीद स्मारक पर होगा आंदोलन

स्थानीय अभ्यर्थियों को संरक्षण की मांग

जीके में बढ़ें राजस्थान का वेटेज

बेरोजगार यूनियन के अनुसार, राजस्थान में भी अन्य राज्यों की तरह स्थानीय युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाए। युवाओं का कहना है कि यह सिर्फ रोजगार की लड़ाई नहीं, बल्कि राजस्थान के युवाओं के हक की लड़ाई है। यदि सरकार ने जल्द फैसला नहीं लिया तो वे शहीद स्मारक पर बड़ा आंदोलन करेंगे। राजस्थान के बेरोजगार युवा अब अपने हक की लड़ाई के लिए सडकों पर उतरने की तैयारी में हैं। सरकार के वादों और आश्वासनों के बावजूद अभी तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे युवा अब आर-पार की लड़ाई का मन बना चुके हैं।

सरकार से लगातार मिल रहा है सिर्फ आश्वासन, अब होगा आंदोलन

हनुमान किसान और उनकी टीम ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और संसदीय मंत्री जोगाराम पटेल से मुलाकात कर राजस्थान जीके का वेटेज बढ़ाने और स्थानीय युवाओं को वरीयता देने की मांग की। वासुदेव देवनानी ने 7 दिसंबर 2022 को इस मांग का समर्थन भी किया था, लेकिन उसके बावजूद बेरोजगार युवा ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उनकी मांगें हैं कि चतुर्थ श्रेणी भर्ती में बाहरी अभ्यर्थियों पर रोक लगाई जाए, राजस्थान जीके का वेटेज बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए और अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी स्थानीय युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाए।

गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा नो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू

हमारा समाचार

बोराज। गुढा बेरसल छप्पन जी महाराज मंदिर प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों के सहयोग से चैत्र नवरात्री के अवसर पर दुर्गा सप्तशती महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के तहत भव्य शोभा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। पंडित जितेन्द्र दाधिच के सानिध्य में कलश की पुजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात 501 महिलाओं ने बैंड-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा सीताराम जी मंदिर से रवाना होकर छप्पन जी महाराज मंदिर पहुंची। भव्य कलश यात्रा और ध्वज यात्रा गाँव के मुख्य मार्गो से गुजरी। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। सामाजिक कार्यकर्ता चेतन कुमावत ने बताया कि आचार्य जितेन्द्र दाधीच ने पूजा अर्चना कर घट स्थापना करवाकर माँ दुर्गा के नो दिवसीय पाठ बैठाये। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष आनंदीलाल कारगवाल, कोषाध्यक्ष रतन लाल, गोपाल कुमावत, जनप्रतिनिधि ओमप्रकाश सिरोहिया, कैलाश कुमावत,किशन लाल ,ओबीसी जिला मंत्री रामस्वरूप खोराणियाँ, बोराज पंचायत प्रशासक सुरेन्द्र मीणा, उमाशंकर कुमावत, युवा शक्ति के अध्यक्ष कैलाश देवतवाल, बाबूलाल सिरोहिया, मुकेश घोड़ेला, नाथूलाल, पन्नालाल, रामदेव, अनुज, चेतन कुमावत सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

राजधानी के हॉस्टल में फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या, प्रतियोगी परीक्षा की कर रही थी तैयारी

मृतका के भाई ने पुलिस को दी शिकायत, बताया-मृतका का पति लगातार दहेज के लिए कर रहा था टॉर्चर

हमारा समाचार

जयपुर। राजधानी के बजाज नगर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की एक साल पहले शादी हुई थी। जानकारी के मुताबिक, मृतका पिछले सात महीने से कम्पटीशन एग्जाम की तैयारी कर रही थी। जब रूम मेट ने उसके पति को कॉल करके घटना के बारे में जानकारी दी तो पति ने कहा कि वीडियो कॉल कर दिखा, तब मैं मानूंगा। पुलिस मृतक युवती के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, 23 वर्षीय विवाहिता ज्योति यादव बजाज नगर में पीजी हॉस्टल में रहती थी। वह यहां पर रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। बताया गया कि उसकी एक साल पहले ही पावटा प्रागपुरा निवासी जितेंद्र यादव से शादी हुई थी। ज्योति का पति जितेंद्र बैंक के फाइनेंस सेक्टर में काम करता है। घटना के बाद जब रूम मेट ने ज्योति के पति जितेंद्र को कॉल करके उसके सुसाइड के बारे में बताया तो उसने कहा कि वीडियो कॉल करके दिखाओ, तब मानूंगा।

2 महीने पहले भी ज्योति से हुई थी मारपीट

दहेज को लेकर ज्योती को ससुराल वाले करते थे टॉर्चर

वहीं, मृतका ज्योति के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में पति पर दहेज के लिए टॉर्चर करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति और ससुराल के अन्य लोग आए दिन ताना मारते थे। दहेज को लेकर ससुराल वालों ने उसे टॉर्चर भी किया, जिसके कारण ज्योति काफी परेशान रहती थी। वह 8-10 दिन में जयपुर से ससुराल जाती थी। 2 महीने पहले ज्योति से मारपीट भी की गई थी। भाई के अनुसार, पिछले दो-तीन दिन से उसका पति कॉल कर ज्योति को धमका रहा था। रूम मेट के सामने ही शुक्रवार को ज्योति और जितेंद्र की मोबाइल पर कहासुनी हुई थी। इसके बाद ज्योति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस आत्महत्या और दहेज प्रताडया दोनों एंगल से जांच कर रही है।

कस्बे में निकाली भगवा शोभायात्रा

भगवान शिव पार्वती, श्री राम, हनुमान व भारत माता की जीवंत झांकियां

हमारा समाचार

फुलेरा। कस्बे में हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वाधान में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के अवसर पर विशाल भगवा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा श्री राम नगर बालाजी बगीची से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए समापन स्थल गणगौरी बाजार पहुंची,जहां श्रध्दालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत,अभिनंदन कर आयोजन कताओं का उत्साह वर्धन किया। शोभायात्रा का जगह-जगह

ठंडा पैय,फलाहार के साथ सनातन प्रेमियों ने पुष्प वर्षा कर भगवा रैली का भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा में भगवान शिव- पार्वती,श्रीरामदरबार, श्री हनुमान एवं भारत माता सहित जीवंत झांकियां भगवा रैली की शोभा बढ़ा रही थी।शोभायात्रा में एक ही नारा एक ही नाम मिलकर बोलो जय श्री राम, भारत का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा , जय हिंदू राष्ट्र के उद्घोष सुनाई दिए।भगवा रैली में महिला विंग की गीता शर्मा एवं पूनम कुमावत ने मातृशक्ति को एकजुट कर इस रैली में सैकड़ो महिलाओं को साथ लेकर झंडा लिए नारे लगाते हुए शोभा यात्रा में कदम से कदम मिलाया।

बोराज में श्री राम टायर्स का शुभारंभ अब बोराज में मिलेंगे जे के टायर

हमारा समाचार

बोराज। अब बोराज कस्बे में भी जे के कम्पनी के टायर्स उचित मूल्य पर मिलेंगे।रविवार को बोराज कस्बे के महलां रोड़ पर जे के टायर्स के विक्रेता श्री राम टायर्स शोरूम का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोराज पंचायत प्रशासक सुरेन्द्र सिंह मीणा थे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रवक्ता भाजपा मंडल दूदू चेतराम कुमावत थे।श्री राम टायर्स शोरूम के मालिक रामनिवास कुमावत ने अतिथियों का सम्मान किया। विधिवत पूजा अर्चना के बाद मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह मीणा ने फीता काटकर श्री राम टायर्स का भव्य शुभारंभ किया। शोरूम पर ट्रक ,बस, ट्रेक्टर, जेसीबी, मोटरसाइकिल और स्कूटी सहित सभी दुपहिया और चारपहिया वाहनों के जे के कम्पनी के टायर्स उचित मूल्य पर मिलेंगे। मुख्य अतिथि मीणा ने कहा कि आज के युवा अपना खुद का व्यवसाय कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्रामीण विकास के सपने को साकार कर रहे हैं।जो काबिले तारीफ है। युवाओं के दम पर ही आज बोराज गांव विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। वाहनों के टायर्स बोराज में मिलेंगे जो एक अच्छी शुरूआत है। इस अवसर पर बलदेव प्रसाद कुमावत, मनोज कुमावत, चेतराम कुमावत,रमेश कुमावत, बजरंग पेंट के राजेन्द्र मारवाल, कैलाश मीणा, बाबूलाल मिस्त्री, लालचंद मिस्त्री, ओमप्रकाश प्रजापत, राजेन्द्र मणेठिया, मारवाल ट्रेडर्स के भोमाराम मारवाल, दीनदयाल शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

भाजपा कर्यकताओं ने सुनी मन की बात

हमारा समाचार

जालौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा लाइव प्रसारण भाजपा जिला कार्यालय, सुंदेलाव तालाब के पास आयोजित किया गया । कार्यक्रम में भाजपा कर्यकताओं ने सुनी मन की बात। भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'आज चैत्र नवरात्र के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि है। आज से चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो रही है। आज से भारतीय नववर्ष की भी शुरूआत हो रही है। यह विक्रम संवत 2082 की शुरूआत है। साथ ही आज गुड़ी पाड़वा का भी दिन है। यह बेहद पावन दिन है। यानी ये पूरा महीना त्योहारों और पर्वों का है। मैं इन त्योहारों की देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। ये त्योहार भारत की विविधता में एकता का अहसास कराते हैं और कहा कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों के पास काफी समय होता है इस समय में बच्चों को नई चीजें सीखनी चाहिए।

सड़क के बीच बनें पिलर से टकराया ट्रेलर, प्रशासन की बड़ी गलती, वाहन चालकों पर पड़ रही भारी

हमारा समाचार

बोराज। बोराज कस्बे से होकर गुजर रहे चौमूं महलां फलौदी मेगा हाइवे पर आसलपुर की ओर नहर की ढाणी के पास नदी में करीब दो साल पहले टोल टैक्स नाका बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सड़क के बीचोंबीच रोडी सीमेंट से बनाए गए पिलर वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहें हैं। इस सड़क पर ना टोल नाका बन सका और ना ही जिम्मेदार अधिकारियों ने सड़क के बीच में से पिलर हटाना जरूरी नहीं समझा। सड़क के बीच बने इन दीवारनुमा पिलरो से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। शनिवार रात को भी एक ट्रेलर पिलरों से टकरा गया।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार देर रात्रि जोबनेर की ओर से बोराज की तरफ जा रहा एक ट्रेलर पिलरों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रेलर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रेलर नसीराबाद जा रहा था कि सामने से आ रहे वाहन की रोशनी में ड्राइवर को पिलर स्पष्ट दिखाई नहीं पडे। जिससे ट्रेलर पिलरों से भिड़ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया तथा ट्रेलर के अगले टायर टुट गए। रविवार दिनभर क्षतिग्रस्त ट्रेलर सड़क के बीच में ही खड़ा रहा जिससे वाहन चालकों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. (भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, स्थानीय-संपादकः झाबर सिंह धायल 9828467603, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रेजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।